संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -04 शनिवार,04 नवम्बर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

### राज्यसभा से निलंबित सांसद राघव चड्डा को सुप्रीमकोर्ट ने लगाई जबरदस्त फटकार

## राज्यसभा सभापति से बिना शर्त मांगें माफी

**सांसद राघव चड्डा की ओर से दायर याचिका पर कोर्ट ने कहा कि सभापति सहानुभूतिपूर्वक विचार करेंगे और मामले को आगे बढ़ाएंगे...मामले की अगली सुनवाई 20 नवंबर को होगी...**



**नई दिल्ली,03 नवम्बर 2023(ए)।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के निलंबन के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दखल दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने राघव चड्ढा को राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ से मिलकर बिना शर्त माफी मांगने को कहा है. कोर्ट ने कहा कि सभापति सहानुभूतिपूर्वक विचार करेंगे और मामले को आगे बढ़ाएंगे. मामले की अगली सुनवाई 20 नवंबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने आप सांसद की याचिका पर सुनवाई दिवाली की छुट्टियों के बाद निर्धारित की, अटॅार्नी जनरल से इस मामले में आगे के घटनाक्रम की जानकारी देने को कहा है मामले की सुनवाई के दौरान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, हमें ये ध्यान रखना चाहिए कि राघव चड्ढा कम उम्र के और पहली बार के सांसद हैं. वह बिना शर्त माफी मांग लेंगे. ऐसे में इस मुद्दे को खत्म कर देना चाहिए।

**सभापति से अपॉइंटमेंट लेकर मिलें.**

राघव चड्ढा मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू हुई तो चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, आपने बिना शर्त माफी की बात कही थी। बेहतर होगा कि आप सभापति से अपॉइंटमेंट लेकर उनसे मिलें. उनकी सुविधा के मुताबिक, आप उनके घर, दफ्तर या सदन में माफी मांग लें...क्योंकि यह सदन और उपराष्ट्रपति सह राज्यसभा सभापति की गरिमा का मामला है।

**सभापति इस पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर सकते हैं:सीजेआई**

इस पर राघव के वकील शादान फरासत ने कहा, राघव राज्यसभा के सबसे युवा सदस्य हैं। उनको माफी मांगने में कोई हर्ज नहीं है। वो पहले भी क्षमा याचना कर चुके हैं। शादान ने कहा कि राघव के निलंबन का प्रस्ताव पूरे सदन ने पारित किया था, लेकिन सभापति अपने स्तर पर भी इसे रद्द कर सकते हैं। सीजेआई ने कहा कि सभापति इस पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर सकते हैं।

### क्या इससे विशेषाधिकार का उल्लंघन होता है?

राज्यसभा से निलंबित सांसद राघव चड्ढा की ओर से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा था। पिछली सुनवाई में सीजेआई ने अटॉर्नी जनरल से पूछा था कि इस तरह के अनिश्चितकालीन निलंबन का असर उन लोगों पर पड़ेगा, जिनके निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व नहीं हो रहा है। विशेषाधिकार समिति के पास सदस्य को अनिश्चितकाल के लिए निलंबित करने की शक्ति कहां है? क्या इससे विशेषाधिकार का उल्लंघन होता है? राज्यसभा में 11 अगस्त को उच्च सदन के नेता पीयूष गोयल ने आप नेता राघव चड्ढा को निलंबित किए जाने का प्रस्ताव पेश किया था, जिसे सदन ने स्वीकार कर लिया था। चड्ढा पर दिल्ली राजधानी क्षेत्र (संशोधन) विधेयक, 2023 को सदन की प्रवर समिति में भेजने का प्रस्ताव करने के लिए, सदन के कुछ सदस्यों से सहमति लिए बिना ही प्रस्तावित समिति के लिए उनका नाम लेने का आरोप है।



## प्रदूषण के चलते दिल्ली की भयावह स्थिति

- **घनी धुंध की परत छाई;शाम 4 बजे एक्यूआई 450 के पार**
- **गैस चेंबर में तब्दील हुआ दिल्ली-एनसीआर**
- **आनंद विहार में एक्यूआई पहुंचा 865**
- **नोएडा,गुरुग्राम,गाजियाबाद,फरीदाबाद में भी हालात खराब**

**नई दिल्ली,03नवम्बर 2023 (ए)।** दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण से अब सांसों पर संकट आ गया है। हर सांस के साथ दिल्लीवाले पूरे दिन में 40-50 सिगरेट के बराबर धुआं फेफड़ों तक पहुंचा रहे हैं। गैस चेंबर में तब्दील हो चुकी दिल्ली ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। बाहर क्या अब तो लोगों को घरों में भी सांस लेने में परेशानी, आंखों में जलन का सामना करना पड़ रहा है।दीपावली में 9 दिन बचे हैं, लेकिन दिल्ली-एनसीआर की हवा अभी से दमघोंटू हो गई है और सभी शहर रेड जोन में पहुंच गए हैं। इस सीजन में दिल्ली के एक्यूआई ने 800 का आंकड़ा भी पार कर दिया है। सुबह-सुबह जहां लोधी रोड का एक्यूआई 500 के पार पहुंच गया, वहीं सुबह 10 बजे के आसपास आनंद विहार का एक्यूआई 865 मापा गया। वहीं नोएडा सेक्टर-62 का वायु गुणवत्ता सूचकांक 558 दर्ज किया गया।

## राजस्थान में जल जीवन मिशन से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी

**» गहलोत बोले-चुनाव जीतने के लिए हो रही घिनौनी राजनीति**

**जयपुर,03 नवम्बर 2023(ए)।**




राजस्थान में एक बार फिर ईडी एक्शन में है। जल जीवन मिशन घोटाला मामले को लेकर शुक्रवार सुबह ईडी की टीम ने राजस्थान में 25 जगहों पर छापेमारी की। जानकारी के मुताबिक ईडी जल जीवन मिशन परियोजना में कथित अनियमितताओं के संबंध में तलाशी ले रही है। यह छापेमारी जयपुर में 25 ठिकानों पर छापेमारी की गई है, जिसमें आईएएस सुबोध अग्रवाल के ठिकाने भी शामिल हैं।

इस छापेमारी पर सीएम गहलोत ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'क्या इतने बड़े देश में आर्थिक अपराध नहीं हो रहे हैं? एजेंसियों को वहां ध्यान देना चाहिए। ईडी का ध्यान सिर्फ़ राजनेताओ पर जा रहा है। हमारे अध्यक्ष डोटासरा व मेरे पुत्र के पास कुछ नहीं मिला ईडी को, सरकार गिराने के लिए ईडी का उपयोग करना ग़लत है। चुनाव जीतने के लिए ईडी सीबीआई के ज़रिए घिनौनी राजनीति हो रही है।'

आपको बता दें कि कुछ दिन पहले ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जहां राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को पेश होने का समन जारी किया था तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस प्रमुख गोविंद सिंह डोटासरा के जयपुर स्थित आवास पर छापेमारी की थी।

## तमिलनाडु में आयकर विभाग की मंत्री के 40 ठिकानों पर दबिश

**» पीडब्लूडी मंत्री वेलु के 40 से अधिक ठिकानों पर की रेड**

**चेन्नई ,03 नवम्बर 2023(ए)।** आयकर विभाग के अधिकारियों ने कथित कर चोरी की शिकायतों पर शुक्रवार सुबह तमिलनाडु के लोक निर्माण मंत्री (पीडब्ल्यूडी) एवं सत्तारूढ़ द्रमुक के कद्दावर नेता ई.वी. वेलु के घर, कॉलेज और चेन्नई समेत 40 से ज्यादा जगहों पर तलाशी ली। साथ ही आईटी ने पीडब्लूडी से जुड़े ठेकेदारों के ठिकानों पर भी छापेमारी की। आयकर विभाग ने कहा कि छापेमारी जारी है। विभाग ने प्रारंभिक रिपोर्टों में कहा है कि चेन्नई और मंत्री के पैतृक तिरुवन्नामलाई जिले में 10 से अधिक ठिकानों पर एक साथ छापेमारी जारी है, जिसमें उनके द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थान भी शामिल हैं। बता दें कि द्रमुक नेता वेलु तमिलनाडु सरकार में लोक निर्माण राज्यमंत्री हैं।




6 बार के विधायक वेलु इससे पहले राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री रह चुके हैं। राज्य में एम के स्टालिन के नेतृत्व में डीएमके की सरकार है। डीएमके सांसद वेलु तिरुवन्नामलाई में इंजीनियरिंग कॉलेजों सहित कई शैक्षणिक संस्थानों के मालिक हैं। सूत्रों के मुताबिक, मंत्री और उनके परिवार पर टैक्स चोरी का आरोप है।

## लोकेश शर्मा की गिरफ्तारी पर 10 नवंबर तक रोक

**जयपुर 03 नवम्बर 2023(ए)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विशेषाधिकारी और प्रदेश कांग्रेस सेंट्रल वॉर रूम के को-चेयरमैन लोकेश शर्मा को दिल्ली हाईकोर्ट से मिली गिरफ्तारी से राहत आगामी 10 नवंबर तक बरकरार रहेगी। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की ओर से दर्ज करवाया गया कथित फोन टैपिंग मामला शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था। लेकिन शुक्रवार को



मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। दरअसल मामले में सुनवाई कर रहे जस्टिस विकास महाजन को किसी अन्य स्पेशल केस की सुनवाई के लिए 4 बजे डबल बेंच में जाना पड़ा। ऐसे में इस मामले पर शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अगली सुनवाई 10 नवंबर शुक्रवार दोपहर 3 बजे होगी। वहीं सुनवाई की अगली तारीख तक कथित फोन टैपिंग प्रकरण को लेकर लोकेश शर्मा की गिरफ्तारी पर रोक जारी रहेगी।

## लुटेरों ने बैंक मैनेजर को गोली मारी

**पटना ,03 नवम्बर 2023(ए)।**बिहार के जमुई जिले में एक ग्रामीण बैंक मैनेजर को गोली मार दी गई। जिससे वह घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एक अधिकारी ने कहा कि पीड़ित को गोली लगी है और वह अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। घटना उस वक्त हुई जब पीड़ित वेद प्रकाश रेणुका बाइक से घर लौट रहे थे, तभी काली पहाड़ी पर कुछ अज्ञात लोगों ने उन्हें रोक लिया और लूटपाट की कोशिश में गोली मार दी। पीड़ित मुंगेर जिले के संग्रामपुर प्रखंड की रहने वाले हैं। वह जमुई के दिघी प्रखंड स्थित ग्रामीण बैंक में पदस्थापित हैं। घायल अवस्था में पीड़ित ने अपने सहकर्मी सतीश कुमार को घटना की जानकारी दी, जिन्होंने हेल्प लाइन नंबर 112 पर संपर्क किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहूंची, लेकिन तब



तक लुटेरे फरार हो चुके थे। जमुई के लक्ष्मीपुर थाने के प्रभारी राज्यवर्धन सिंह ने कहा, हमने बैंक मैनेजर को बचाया और उसे संग्रामपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उन्हें आगे के इलाज के लिए जेएलएन मेडिकल कॉलेज और अस्पताल मायागंज भागलपुर स्थानांतरित कर दिया गया। उनकी हालत गंभीर है। हम आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास कर रहे हैं।

## मुश्किलों में घिरे एल्विश यादव

**» रेव पार्टी में जहरीले सांप और विदेशी लड़कियां सप्लाई करने का आरोप-एफआईआर दर्ज**

**नई दिल्ली,03 नवम्बर 2023(ए)।** बिग बॉस विजेता एल्विश यादव मुश्किलें में घिरते हुए नजर आ रहे हैं। एल्विश यादव के खिलाफ नोएडा में पुलिस ने केस दर्ज किया है। दरअसल, एल्विश पर नोएडा में रेव पार्टी कराने का आरोप लगा है। इस रेव पार्टी में प्रतिबंधित सांपों के जहर तक का इस्तेमाल किया जा रहा था। इसके साथ ही विदेशी लड़कियां भी बुलाई गई थी। नोएडा पुलिस ने सेक्टर 49 में छापेमारी करके पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से पांच कोबरा सांप बरामद किए हैं। साथ ही सांप का जहर भी मिला है। गिरफ्तार लोगों से पूछताछ में क्ख्द्द क्ब्भ्ह्यह्य विजेता एल्विश यादव का भी नाम सामने आया है। जिसके बाद पुलिस ने एल्विश यादव समेत 6 को नामजद कर अन्य अज्ञात के



खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आपको बता दें कि सांसद मेनका गांधी की संस्था पीपल फॉर एनिमल में एनिमल वेलफेयर ऑफिसर के पद पर कार्यरत गौरव गुप्ता ने एफआईआर कराई है। उन्होंने बताया कि यूट्यूबर एल्विश यादव नोएडा-एनसीआर के फार्म हाउसों में अन्य यूट्यूबर सदस्यों के साथ मिलकर स्नेक वेनम व जिंदा सांपों के साथ वीडियो शूट कराते हैं। ये पूरा मामला नोएडा के थाना सेक्टर 49 इलाके का है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक थाना सेक्टर-49 पुलिस द्वारा वादी (पीएफए-एनिमल वेलफेयर ऑफिसर) की तहरीर के आधार पर एलविश यादव सहित 6 व्यक्तियों के विरुद्ध नोएडा सेक्टर-51 स्थित बैंक्वट हाल में पार्टी करने व सांपों का जहर उपलब्ध कराने के संबंध में मामला दर्ज करते हुए बैंक्वेट हॉल से 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 9 सांप मिले हैं। फिलहाल इस मामले में जांच की जा रही है। जिनको गिरफ्तार किया गया है, उनके नाम हैं राहुल, टीटूनाथ, जयकरन, नारायण और रविनाथ।

## ईडी ने छत्तीसगढ़ में महादेव एपीपी प्रमोटर्स के 3.12 करोड़ रुपये नकद जब्त किए

**नई दिल्ली,03 नवम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव से पहले एक बड़ी कार्रवाई में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन बुक्स (एमओबी) घोटाला मामले में 3.12 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की। ईडी के अनुसार, इसकी जांच से पता चला है कि महादेव ऐप के प्रमोटरों द्वारा छत्तीसगढ़ में बड़ी मात्रा में नकदी ले जाया जा रहा था। सूत्रों ने बताया कि इनपुट के बाद ईडी ने महादेव ऐप के एक कूरियर को सफलतापूर्वक रोक लिया, जिसे एक राजनीतिक दल के चुनाव खर्च के लिए बड़ी मात्रा में नकदी पहुंचाने के लिए संयुक्त अरब अमीरात से भेजा गया था।सूत्रों ने बताया कि ईडी की जांच में कुछ बड़े राजनीतिक नेताओं और सरकारी अधिकारियों के नाम सामने आए हैं। ईडी एमओबी




सट्टेबाजी ऐप की जांच कर रहा है, जो अवैध सट्टेबाजी वेबसाइटों को नए उपयोगकर्ताओं को नामांकित करने, उपयोगकर्ता आईडी बनाने और बेनामी बैंक खातों के एक स्तरित वेब के माध्यम से धन की हेराफेरी करने में सक्षम बनाने के लिए ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म की व्यवस्था करने वाला एक प्रमुख सिंडिकेट है। 15 सितंबर को ईडी ने कहा था कि उसने मामले के सिलसिले में कोलकाता, भोपाल और मुंबई में तलाशी के बाद 417 करोड़ रुपये जब्त किए हैं। एक बयान में वित्तीय जांच एजेंसी ने कहा था कि उसने हाल ही में कोलकाता, भोपाल, मुंबई आदि में महादेव ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के खिलाफ व्यापक तलाशी ली और 417 करोड़ रुपये जब्त करने के अलावा बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए।

## सुप्रीम कोर्ट ने राहुल की लोकसभा सदस्यता की बहाली को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की स्थगित



**नई दिल्ली,03 नवम्बर 2023(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता की बहाली को चुनौती देने वाली लखनऊ के एक वकील की जनहित याचिका पर सुनवाई टाल दी।

न्यायमूर्ति बी.आर. वई और प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता अशोक पांडे द्वारा स्थगन की मांग करते हुए प्रसारित पत्र के संदर्भ में मामला स्थगित किया जाता है। अपनी याचिका में, पांडे ने तर्क दिया कि एक बार संसद या राज्य विधानमंडल का कोई सदस्य कानून के तहत अपना पद खो देता है, तो वह तब तक अयोग्य रहेगा जब तक वह अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों से बरी नहीं हो जाता।उन्होंने संविधान पीठ से यह तय करने का अनुरोध किया कि क्या दोषसिद्धि पर रोक के आधार पर, कानून के तहत अयोग्यता झेलने वाला व्यक्ति संसद या राज्य विधानमंडल का सदस्य चुने जाने के योग्य हो जाएगा।

## न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने अदालत में तारीख पे तारीख पर जताई चिंता

**नई दिल्ली,03 नवम्बर 2023(ए)।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को बार के सदस्यों से अनुरोध किया कि वे तब तक स्थगन न मांगें जब तक कि वास्तव में आवश्यक न हो। उन्होंने एक महीने में 3,688 स्थगन पर चिंता जताई। शीर्ष अदालत में स्थगन की मांग के कारण होने वाली देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए सीजेआई ने कहा कि यह अदालत तारीक पे तारीख नहीं बन सकता। सीजेआई ने कहा कि इससे हमारी अदालत पर नागरिकों का भरोसा खत्म होता है। उन्होंने बार के सदस्यों से अनुरोध किया कि वे तब तक स्थगन पर्ची दाखिल न करें, जब तक कि बहुत



आवश्यक न हो। यह कहते हुए कि वह व्यक्तिगत रूप से मामलों की पहली सुनवाई के दाखिलों की निगरानी कर रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अवधि कम से कम हो, सीजेआई ने कहा कि दिन में 178 स्थगन पर्चियां थीं।

1 से 3 सितंबर तक औसतन प्रति विविध दिन पर कुल 154 स्थगन परिचालित किए गए। उन्होंने बताया कि सितंबर से अक्टूबर तक 3,688 स्थगन पर्चियां प्रसारित की गईं। वहीं, सितंबर से अब तक 2361 मामले बताए जा चुके हैं। हर दिन औसतन 59 मामलों का जिक्र हो रहा है। सीजेआई ने कहा, एक तरफ मामलों को त्वरित आधार पर सूचीबद्ध किया जाता है, दूसरी तरफ उनका उल्लेख किया जाता है, फिर सूचीबद्ध किया जाता है और फिर उन्हें स्थगित कर दिया जाता है।

## संपादकीय

# वैक्सीन से खतरा बढ़ा या घटा?

आईसीएमआर के मुताबिक कोविड-19 के बाद दिल के मरीजों में 14 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है। अगर इसकी वजह सिर्फ संक्रमण का दीर्घकालिक प्रभाव है, तो फिर वैक्सीन से खतरा घटा, ऐसा कहने का क्या आधार बनता है, इसे आईसीएमआर को स्पष्ट करना चाहिए।

चूंकि मामला लोगों की जिंदगी और सेहत से जुड़ा है, इसलिए इस पर समाज में बहस खड़ी हो जाना उचित ही है। बहस की पृष्ठभूमि नवरात्रि के दौरान गुजरात में गरबा के दौरान हार्ट अटैक होने की कई घटनाएं रोशनी में आने से बनी। खबरों में बताया गया कि इस वर्ष गरबा के दौरान 473 लोगों को दिल के दौरे पड़े, जिनमें से अनेक की मौत हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने इन दुखद घटनाओं का संबंध कोरोना संक्रमण से बताया। उन्होंने आईसीएमआर का हवाला देते हुए कहा कि जिन लोगों को गंभीर कोविड संक्रमण का शिकार हुए अभी ज्यादा वक्त ना गुजरा हो, उन्हें ज्यादा शारीरिक मेहनत नहीं करनी चाहिए। ऐसे लोगों को तेज दौड़ने या श्रमसाध्य व्यायाम से बचना चाहिए। गौरतलब है कि दुनिया में कोविड महामारी के बाद दिल का दौरा पड़ने के मामलों में उछाल आया है। बहुत से विशेषज्ञ इसकी वजह कोविड वैक्सीन को बताते हैं। आरोप है कि जल्दबाजी में कंपनियों ने वैक्सीन की सुरक्षा संबंधी पूरी जांच नहीं की, जिसके दीर्घकालिक साइड इफेक्ट्स अब लोगों को भुगतने पड़ रहे हैं।

हालांकि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने अपनी शोध रिपोर्ट में वैक्सीन का बचाव किया है। उसने कहा है कि कोरोना के टीके से युवाओं में अचानक मौत का खतरा नहीं बढ़ा है, बल्कि वैक्सीन के प्रभाव से ऐसा खतरा घटा है। चूंकि हार्ट अटैक से युवाओं की मौत के मामले भारत में भी बढ़े हैं, इसलिए आईसीएमआर ने यह अध्ययन किया था। उसकी रिपोर्ट में कहा गया कि जिन लोगों को गंभीर संक्रमण का सामना करना पड़ा है, उन्हें एक या दो साल तक अत्यधिक परिश्रम नहीं करना चाहिए। यह शोध रिपोर्ट अभी तक कहीं प्रकाशित नहीं हुई है। लेकिन स्वास्थ्य मंत्री ने इसका सार्वजनिक रूप से हवाला दे दिया। इसीलिए इस पर विवाद खड़ा हुआ है। खुद आईसीएमआर की रिपोर्ट के मुताबिक कोविड-19 के बाद दिल के मरीजों में 14 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है। अगर इसकी वजह सिर्फ संक्रमण का दीर्घकालिक प्रभाव है, तो फिर वैक्सीन से खतरा घटा, ऐसा कहने का क्या आधार बनता है, इसे भी आईसीएमआर को स्पष्ट करना चाहिए।

# आरक्षण की आग में जलता महाराष्ट्र

लोकसभा चुनावों से पहले महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की आग लगी है। मराठा नेता मरोज जरांगे पाटिल शुक्रवार यानी 27 अक्टूबर से भूख हड़ताल पर हैं। इससे पहले भी वे 40 दिन तक भूख हड़ताल पर थे और सरकार के आश्वासन के बाद उन्होंने आंदोलन खत्म कर दिया था। उस समय आंदोलन मोटे तौर पर शांतिपूर्ण रहा था। लेकिन आरक्षण आंदोलन का दूसरा चरण बेहद हिंसक हो गया है। मंगलवार यानी 31 अक्टूबर को एक दिन में नौ लोगों ने आरक्षण के समर्थन में आत्महत्या की। पिछले दो हफ्ते में 26 लोग आत्महत्या कर चुके हैं। इससे पहले 1990 में मंडल आयोग की सिफारिश लागू करने के खिलाफ हुए आंदोलन में ही इससे ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। इस लिहाज से यह सबसे भयावह और हिंसक आरक्षण आंदोलन बन गया है। इस आंदोलन के कई पहलू हैं और सबको समझे बगैर न तो इसको पूर्णता में समझा जा सकता है और न इसके राजनीतिक असर का अंदाजा लगाया जा सकता है।

ध्यान रहे यह आंदोलन सामाजिक व आर्थिक रूप से राज्य की सबसे मजबूत जाति कर रही है। इस लिहाज से इसकी तुलना गुजरात के पाटीदार अनामत आंदोलन से कर सकते हैं, जिससे हार्दिक पटेल नेता बन कर उभरे थे। उस समय तक हार्दिक एक अनाम चेहरा थे, जैसे कुछ समय पहले तक मनोज जरांगे पाटिल थे। हरियाणा में जाटों को आरक्षण देने का आंदोलन हो या राजस्थान में गुर्जरों को एसटी में शामिल करने का आंदोलन हो। ये सब एक किस्म के आंदोलन है, जिसमें राज्यों की सबसे मजबूत जातियां शामिल हुईं। अगर इन जातियों की आर्थिक, सामाजिक व शैक्षणिक स्थिति को बारीकी से देखें तो इनकी स्थिति पिछड़ेपन वाली नहीं है। संविधान निर्माण के समय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की जैसी स्थिति थी या मंडल आयोग का गठन करते समय जैसी स्थिति व्यापक पिछड़े समाज की थी उससे बेहतर स्थिति मौजूदा समय में इन जातियों की है। आर्थिक स्थिति को अगर दरकिनार करें तो सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ापन अपेक्षाकृत कम है। इसलिए मोटे तौर मराठा, पाटीदार, जाट और गुर्जर का आंदोलन राजनीतिक रहा है।

इसी वजह से महाराष्ट्र के मराठा आरक्षण आंदोलन को राजनीतिक नजरिए से देखने की जरूरत है। यह विडम्बना है कि अरसे पहले कुनबी जाति के लोग ओबीसी की श्रेणी से बाहर हुए थे। वे पिछड़ा श्रेणी से बाहर निकल कर खुश हुए थे और ऐसा अलग अलग राज्यों में कई जातियों के साथ हुआ था। समाजशास्त्री इसे संस्कृतिकरण की प्रक्रिया बताते थे। इसका मतलब हर पिछड़ी जाति में श्रेष्ठ होने का भाव होना है। लेकिन अब समय का चक्र ऐसा घूम रहा है कि हर जाति पिछड़ी या अनुसूचित जाति, जनजाति में शामिल होना चाहती है। संस्कृतिकरण की प्रक्रिया उलटी चल रही है। इसी प्रक्रिया के तहत मराठा समुदाय कुनबी बनना चाहता है। गौरतलब है कि कुनबी महाराष्ट्र की एक पिछड़ी जाति है। मराठा आरक्षण का आंदोलन कर रहे नेता चाहते हैं कि सभी मराठों को कुनबी का सर्टिफिकेट दिया जाए, जबकि राज्य सरकार कह चुकी है कि सबको कुनबी का सर्टिफिकेट देना मुश्किल है। इस बारे में कहा गया था कि हैदराबाद के निजाम के राज में जिन लोगों के पास कुनबी का सर्टिफिकेट था उनको कुनबी मान लिया जाएगा। लेकिन ऐसे लोगों की संख्या बहुत कम है। तभी मनोज जरांगे बिना किसी शर्त के सभी मराठों को कुनबी में शामिल करना चाहते हैं।

इस मांग की वजह से यह पूरा विवाद मराठ बनाम ओबीसी में तब्दील हो गया है। राज्य में ओबीसी आरक्षण 19 फीसदी है और ओबीसी जातियों के संघों का मानना है कि अगर मराठों को कुनबी बना दिया जाता है तो ओबीसी के 19 फीसदी आरक्षण में से ही उनको भी हिस्सा मिलेगा। चूंकि मराठे सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से ज्यादा संपन्न हैं इसलिए वे आरक्षण का ज्यादा लाभ ले जाएंगे। इस आधार पर ओबीसी महासंघ मराठों को कुनबी का सर्टिफिकेट दिए जाने का विरोध कर रहा है। एक अनुमान के मुताबिक महाराष्ट्र में ओबीसी और मराठ वोट लगभग बराबर है। इसलिए कोई भी पार्टी एक समूह को आकर्षित करने के लिए दूसरे समूह को नाराज नहीं कर सकती है। ध्यान रहे भाजपा ने अपनी शुरुआती राजनीति में ओबीसी को ज्यादा तरजीह दी थी। उसके ज्यादातर नेता या तो ब्राह्मण थे या पिछड़ी जाति के थे। अपनी इस कमजोरी की वजह से ही भाजपा ने एनसीपी के अजित पवार को इतनी तरजीह दी। उसे उम्मीद थी कि अजित पवार की वजह से मराठा वोट उसके साथ जुड़ेगा। लेकिन उससे पहले ही यह नया विवाद शुरू हो गया।

यह विवाद जल्दी नहीं सुलझने वाला है। राज्य की राजनीति पर इसका बड़ा असर होगा। इस समय जो हालात बन गए हैं उसे देखते हुए यह नहीं कहा जा सकता है कि किसी खास पार्टी को इसका फायदा होगा या किसी खास पार्टी को इसका नुकसान होगा। उलटे महाराष्ट्र की राजनीति और विभाजित हो सकती है। राज्य की दो बड़ी प्रादेशिक पार्टियां- शिव सेना और एनसीपी में विभाजन हो गया है और एक तरह से इन दो की चार पार्टियां बन गई हैं। इन चार के अलावा भाजपा और कांग्रेस दो बड़ी पार्टियां हैं। ये छह पार्टियां ओबीसी या मराठा का पक्ष लेकर राजनीति नहीं कर सकती हैं। इनको दोनों के बीच संतुलन बनाना होगा। भाजपा और कांग्रेस के लिए ज्यादा दुविधा है क्योंकि दोनों महाराष्ट्र के बाहर बाकी राज्यों में ओबीसी वोट हासिल करने की जी-तोड़ मेहनत कर रही हैं। तभी इस बात की भी संभावना है कि जाति आधारित नई पार्टियां बनें, जैसे बिहार, उत्तर प्रदेश या तमिलनाडु आदि राज्यों में बनी हैं। इससे राजनीति और अस्थिरता की ओर बढ़ेगी। ध्यान रहे महाराष्ट्र में पिछले करीब 30 साल से गठबंधन की सरकारें चल रही हैं। इसका एक पहलू यह है कि आरक्षण आंदोलन ने राज्य में पिछले एक साल से स्थापित हो रहा नैरेटिव पूरी तरह से बदल दिया है। जब से शिव सेना टूटी तब से ऐसा लग रहा था कि उद्धव ठाकरे गुट के प्रति सहानुभूति है। फिर एनसीपी टूटी तो शरद पवार गुट के प्रति सहानुभूति बनी। लेकिन अब यह नैरेटिव बदल गया है। अब





आरक्षण मुख्य मुद्दा है। तभी कहा जा रहा है कि भाजपा को इसका फायदा हो सकता है। सीधे तौर पर इस आंदोलन के पीछे भाजपा की भूमिका नहीं बताई जा रही है लेकिन सबको पता है कि मनोज जरांगे पाटिल के आंदोलन पर जालना में लाठी चली उसके बाद ही यह आंदोलन सबकी नजर में आया और इसका दायरा बढ़ा। लेकिन उसके बाद जिस तरह से आंदोलन में हिंसा भड़की है उससे लगता है कि अब यह किसी पार्टी के हाथ में नहीं रह गया है। इसलिए सभी पार्टियों को साझा तौर पर इसका समाधान निकालने की कोशिश करनी चाहिए।

ध्यान रहे पहले एक समुदाय के रूप में मराठों को अलग से आरक्षण देने का फैसला हुआ था लेकिन उसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। उसके बाद से ही मराठों को कुनबी बना कर ओबीसी में शामिल करने की मांग हो रही है।

ऐसी स्थिति में एक रास्ता तो यह है कि ओबीसी आरक्षण की सीमा बढ़ा दी जाए। सबको पता है कि आरक्षण की सीमा को लेकर इंदिरा साहनी केस में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले की बाधा नहीं रह गई है। केंद्र सरकार ने जब आर्थिक रूप से पिछड़े सवर्णों के लिए 10 फीसदी आरक्षण का कानून बनाया तो इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। सर्वोच्च अदालत ने इस पर सुनवाई करते हुए कहा कि सरकार जरूरत के हिसाब से आरक्षण की 50 फीसदी की अधिकतम सीमा को पार कर सकती है। तभी छत्तीसगढ़ और झारखंड में विधानसभा से प्रस्ताव पास कर राज्य सरकारों ने आरक्षण की सीमा 77 फीसदी तक बढ़ाई है। हालांकि राज्यपाल के यहां से उनके कानूनों को मंजूरी नहीं मिली है। बिहार में जाति गणना के बाद आरक्षण की सीमा बढ़ाने की तैयारी हो रही है। सो, महाराष्ट सरकार के पास ओबीसी आरक्षण की सीमा बढ़ाने का रास्ता है। हालांकि इसमें भी कुनबी और अन्य पिछड़ी जातियां इस आधार पर विरोध करेंगी कि मराठे ज्यादा सक्षम हैं तो आरक्षण का ज्यादा लाभ उनको मिलेगा। इसके लिए सरकार जस्टिस रोहिणी आयोग की रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए जातियों का वर्गीकरण कर सकती है और आरक्षण के भीतर आरक्षण की व्यवस्था कर सकती है।

**-अजीत द्विवेदी-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## मेरा गाँव

हैं वहीं मेरा गांव।
लोग मेहनत से खूब,
बेईमानी से दूर।
करते खेतों में काम,
नहीं उनको आराम,
जहा तरुवर की छांव,
है वहीं मेरा गांव। नित्य होते सबेरे,
पकड़े बैलों की डोर,
गाते चलते खेतों की ओर,
जहां दरिया के बीच,
लगी रहती नांव है,
हैं वहीं मेरा गांव।
जहां खेतों में पछुआ,
सुनाता हैं राग,
जहाँ हर ओर सजता है,
जीवन का साज।
जहां बागों में-
कोयल की कहुँ कहुँ,
कौवो की कांव,
वहीं मेरा गाँव।
ऋषी मुनियों की धरती,
जैन तीर्थ क्षेत्र का स्थान
मेरे छोटे से गांव का,
नाम है कहांव,
है वहीं मेरा गांव।



**अल्का मौर्या,**
कहाव, अण्डिला,
मईल, देवरिया,
उत्तरप्रदेश.

## हमर भाखा हमर संस्कृति

हमर कुल संस्कृति ह,हमर पहिचान।
हमर भाखा हमर हे,आन-बान-शान।
हमर रीति-रिवाज, सबले हे महान।
बिना भाखा के, सब हवय अँधियार।
इही भाखा ले,सँस्कृति के उजियार।
हमर गाँव हावय, सँस्कृति के दुवार।
हमर परब हमर,सँस्कृति के बढ़वार।
हमर पुरखा,हमर जिनगी के आधार।
हमर माटी हमर,बखरी हे खेत-खार।
हमर बखरी-बारी,हमर आय संसार।
हमर राज-पाठ,हमरेच आय सरकार
हमर अस्मिता, हमर आय अधिकार।
हमर मुखिया,हमन के आय रखवार।
बिना मुखिया के,सबो हवन निराधार।
सोंच-समझ के,हमन बनाबो सियान
जे हर हमर करय,सुग्घर नीचट ध्यान।
कई बछर म आथे, ए सुग्घर मतदान
हमर वोट से बनही, ए देश ह महान।
चुनबो जब योग्य, हमन जी सियान
तभे आही हमर देश म,नवा-बिहान।
हमर लोकतंत्र हर, मजबूत हो जाही
तभे जनजन ल,अधिकार मिल पाही।



**अशोक पटेल आशु**
मेघा, धमतरी
छत्तीसगढ़

# एआई-संचालित अदालतें न्यायपालिका के भविष्य को फिर से लिख सकती हैं

चूँकि भारतीय न्यायपालिका बढ़ते मामलों से निपट रही है और अधिक पारदर्शिता की मांग कर रही है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक मूल्यवान सहयोगी के रूप में उभर सकती है।

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ का कार्यकाल तकनीकी मोर्चे पर सुधारों की लहर से चिह्नित किया गया है। 6 अक्टूबर को, सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालयों से यह गारंटी देने का आग्रह किया कि बार के किसी भी सदस्य को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग या हाइब्रिड-सुविधा सुनवाई तक पहुंच से वंचित न किया जाए। इससे पहले, अनुच्छेद 370 मामले की सुनवाई के दौरान, सीजेआई ने वकीलों से अपनी दलीलें और सहायक सामग्री ऑनलाइन जमा करने का आग्रह किया था।

कोविड लॉकडाउन के दौरान, भारतीय न्यायपालिका ने आभासी सुनवाई, ऑनलाइन विवाद समाधान और दूरस्थ सहयोग को अपनाया। अदालती कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग ने पारदर्शिता में योगदान दिया और जनता का विश्वास बढ़ाया। प्रौद्योगिकी की मदद से, मद्रास उच्च न्यायालय ने 2020 और 2021 में 93.07 प्रतिशत और 98.12 प्रतिशत की प्रभावशाली केस क्लीयरेंस दर (सीसीआर) दर्ज की, जबकि उन वर्षों में अन्य सभी उच्च न्यायालयों द्वारा 76.75 प्रतिशत और 83.70 प्रतिशत दर्ज की गई थी। . तमिलनाडु की ट्रायल अदालतों ने 2020 और 2021 में 85.02 प्रतिशत और 95.18 प्रतिशत की सीसीआर पोस्ट की, जबकि देश की अन्य सभी जिला अदालतों ने 62.60 प्रतिशत और 81.12 प्रतिशत की सीसीआर दर्ज की।



भारतीय न्यायपालिका में तकनीक अपनाने से केस प्रबंधन, पूर्वानुमानित विश्लेषण और कानूनी अनुसंधान में सुधार हो सकता है। आधुनिकीकरण अभियान राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना के तहत ई-कोर्ट परियोजना के साथ शुरू हुआ, जिसका उद्देश्य अदालती प्रक्रियाओं को कम्प्यूटरीकृत करना और एक नेटवर्क बुनियादी ढांचे की स्थापना करना था। राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड आज लंबित और निपटाए गए मामलों पर वास्तविक समय की जानकारी प्रदान करता है।

एआई में सिस्टम की दक्षता बढ़ाने की क्षमता है। यह मामले की प्राथमिकता, वर्गीकरण, शेड्यूलिंग और डॉकेट प्रबंधन को स्वचालित कर सकता है, जो बड़ी मात्रा में दस्तावेजों का विश्लेषण करने, कार्यवाही का अनुवाद करने, रिकॉर्ड के आधार पर सिफारिशें करने, परिणामों की भविष्यवाणी करने और डेटा-संचालित सिफारिशें प्रदान करने में मदद करेगा।

भारतीय न्यायपालिका में एआई का उपयोग पहले से ही किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले के प्रबंधन और निर्णय लेने में न्यायाधीशों की सहायता के लिए एक एआई - संचालित पोर्टल, एसयूपीएसीई (कोर्ट की दक्षता में सहायता के लिए सुप्रीम कोर्ट पोर्टल) लॉन्च किया है। एसयूवीएएस (सुप्रीम कोर्ट विधिक अनुवाद सॉफ्टवेयर), एआई द्वारा प्रशिक्षित एक मशीन-सहायता अनुवाद उपकरण, आईटी मंत्रालय के समर्थन से विकसित किया गया है। यह उपकरण अंग्रेजी भाषा के दस्तावेजों, आदेशों और निर्णयों का दस स्थानीय भाषाओं में अनुवाद कर सकता है।

**-नेहा दानी-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## रिश्ते बोझ बन जाये तो तो दो

सुकून नहीं वो जहाँ
वो जगह छोड़ दो
जब रिश्ते बोझ बन
जाये तो तोड़ दो
कुछ दिन लगेगा सब मुश्किल मगर
जब रिश्ते बोझ बन
जाये तो तोड़ दो
तिल तिल मरने से अच्छा है दूर रहें
स्वाभिमान बेच कर कैसे जिंदा रहें
झूठे रिश्तों की सारी दीवारें तोड़ दो
जब रिश्ते बोझ बन जाये
तो तोड़ दो
झूठी प्यार मुहब्बत झूठी हर अदा
झूठ ओढे हो रिश्ते तो कैसी सदा
स्वभिमान हेतु सब कुछ छोड़ दो
जब रिश्ते बोझ बन जाये
तो तोड़ दो
मर्यादा और रिश्तों मे
गर सम्मान नही
एक दूजे के लिए गर
स्वाभिमान नही
ऐसे खोखले रिश्तों मे
रहना छोड़ दो
जब रिश्ते बोझ
बन जाये तो तोड़ दो
अपनापन का जब कोई स्थान नहीं
अपनत्व का भी कोई पहचान नहीं
ऐसे दोगले लोगो को स्वयं छोड़ दों
जब रिश्ते बोझ
बन जाये तो तोड़ दो



**प्रमेशदीप मानिकपुरी**
धमतरी
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# गुडबॉय 'फ्रेंड' मैथ्यू पैरी

### ज़िन्दगी को परदे पर उतार दिया था

ज़िन्दगी और नियति को समझना बहुत दुष्कर है। आखिर क्या कारण है कि मज़ेदार लोग, अपने आसपास वालों को गुदगुदाने और हंसाने वाले लोग, अक्सर अपना समय आने से बहुत पहले दुनिया को अलविदा कह देते हैं? ऐसे दो शख्स हाल में दिवंगत हुए। रोबिन विलियम्स के बाद मैथ्यू पैरी हमेशा के लिए चले गए। दोनों अपनी मज़ाकिया अदाकारी के लिए दुनिया में जाने जाते थे। दोनों खूब हँसते थे और दूसरों को खूब हंसाते थे। पर दोनों अपने-अपने नर्क में जी रहे थे ङ्क मन के अन्दर छिपे दानवों, अपनी लतों और अपने अवसाद से जूझते हुए ङ्क ऐसे विचारों से लड़ते हुए जिन्हें हम-आप समझ ही नहीं सकते। मेरे बचपन में रोबिन विलियम्स ने मुझे खूब हंसाया और किशोरी के रूप में मैथ्यू 'चैंडलर' बिंग की हाज़िरजवाबी और मज़ाक मेरे लिए ख़ुशी और दिलासा दोनों के स्त्रोत थे। अपने मज़ाहिया अंदाज़ के लिए मशहूर ये दोनों कलाकार बहुत जल्दी दुनिया छोड़ गए। सन 2014 में रोबिन विलियम्स ने जब आत्महत्या की तब वे 63 साल के थे। मैथ्यू पैरी पिछले शनिवार को 53 साल की आयु में हमें छोड़ गए। उनकी मौत का कारण अभी भी साफ़ नहीं है।

इन दोनों ही मौतों ने मुझे बहुत आहत किया। और आज मैं अपने मज़ाहिया नायक पैरी को उनके एक फैन के रूप में याद कर रही हूँ।

मैथ्यू पैरी ने प्रसिद्ध सिटकॉम 'फ्रेंड्स' में सबके दुलारे चैंडलर की भूमिका अदा की थी।'फ्रेंड्स' सीरियल की जबरदस्त सफलता के बारे में कुछ कहना शब्दों कोजाया करना होगा। और यह भी सब जानते ही हैं कि अब भी वह उतना ही लोकप्रिय है। इस सिटकॉम में चैंडलर बिंग के रूप में पैरी की दिल को छू लेने वाली भूमिका उन सभी के दिलोदिमाग में हमेशा के लिए दर्ज रहेगी जिन्होंने इस सिटकॉम को देखा है। मैंने 'फ्रेंड्स' के हर एपिसोड को अनगिनत बार देखा है और मैं ज़रा से भी संकोच के बिना खुद को इसका सुपर फैन कह सकती हूँ। मुझे इसका हर डायलाग, हर सीन याद है। कोविड महामारी के डरावने दिनों में मैंने नए सिरे से इसे देखा और इसने मुझे उस दौर की पीड़ा और अनिश्चितता से लड़ने की ताकत दी। और तब से, जब भी मन उदिग्न होता है, मैं नेटफ्लिक्स पर इसे खोलकर बैठ जाती हूँ।

चैंडलर मेरा प्रिय किरदार है। वह अपने ग्रुप का सबसे मजाहिया चरित्र है। इस किरदार के लिए पैरी के चुनाव और चैंडलर की जबरदस्त हाज़िरजवाबी के पीछे छुपी पीड़ा की छटपटाहट को सामने लाने में पैरी की सफलता ने इस शो की रिकॉर्ड कामयाबी में महती भूमिका निभाई। पैरी ने मुझे सिखाया कि व्यंग्य क्या होता है, उन्होंने मुझे व्यंग्य करना और समझना सिखाया, और व्यंग्य पर हँसना और रोना भी।

'फ्रेंड्स' के 1994 से लेकर 2004 तक 10 सीजन प्रसारित हुए है। यह न्यूयार्क शहर में रहने वाले छह युवा दोस्तों के जीवन, उनकी कारगुजारियों और उनके आपस के मज़ाकों की कहानी सुनाता है।

यह नाटक तो है परन्तु नाटकीय कहीं से नहीं लगता। इस शो के शुरूआती प्रमोशनल में कहा गया था कि ÷यह आपके जीवन के उस दौर में सेक्स, प्यार, रिश्तों और करियर की बात करता है, जिस दौर में आपको सब कुछ संभव लगता है÷। 'फ्रेंड्स' के पात्र पैसा, सेहत, काम और रिश्तों से जुड़े मसलों से परेशान हैं। उधारी के बोझ के तले दबे हुए और असफल रिश्तों के दर्द को सहते हुए भी प्रत्येक पात्र मस्त है और यह रेखांकित करता है कि बड़े होने की प्रक्रिया में हमें अनेक समझौते करने पड़ते हैं। इन मित्रों को राजनीति से कोई मतलब नहीं है, उन्हें इससे कोई लेना-देना नहीं है कि राष्ट्रपति के चुनाव में कौन उम्मीदवार है, नाटो क्या है, या अर्थव्यवस्था की स्थिति कितनी ख़राब है। उनके सपने ऐसे हैं जिनका पूरा होना संभव ही नहीं है और वे क़र्ज़ पर जी रहे हैं। मगर वे मज़े में हैं।'फ्रेंड्स' का हर पात्र अपनी मूर्खताओं या अपनी बेकसी से हमें हंसाता है। चैंडलर के चुटकुले कभी ख़त्म नहीं होते। वह अपने ग्रुप में सबसे रईस है। उसके पास खासी तनख्वाह वाली अच्छी-सी नौकरी है पर वह क्या काम करता है, यह उसके दोस्तों को भी ठीक से नहीं पता। पैरी ने मानों अपनी असली ज़िन्दगी को परदे पर उतार दिया था

एक ऐसी व्यक्ति की ज़िन्दगी, जिसमें लाख परेशानियाँ भी जिसके चेहरे से हंसी को जुदा नहीं कर सकती।

जिस समय पैरी को चैंडलर का किरदार अदा करने के लिए चुना गया था, वे केवल 24 साल के थे ङ्क फ्रेंड्स में से वे सबसे छोटे थे पर उन्होंने जो किरदार निभाया, वह कई अर्थों में फ्रेंड्स में से सबसे बड़ा था। चैंडलर दिखने में आकर्षक है मगर अपने दोस्तों में से सबसे कम दिलचस्प है। एक पेशेवर बतौर वह सफल है, उसके पास उसकी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त धन है और वह अपने काम में निपुण है। उसे स्वेटर, बास्कट और सूट पहनना पसंद है। परन्तु जो उसे सबसे अलग करता है वह है कटाक्ष करने की उसकी प्रतिभा। वह दुनिया की सारी बदसूरती से वाकिफ है पर वह उसे एक चुटकुले की तरह देखता है। चैंडलर हमेशा व्यंग्यात्मक भाषा में और चकित होने का अभिनय करते हुए ऐसे प्रश्न पूछता है जिनका उत्तर उसे और सभी को पहले से पता है। उसका अंदाज़ निराला है।÷क्या वह मेरी पहुँच से जितनी दूर है, उससे ज्यादा दूर हो सकती थी?÷ परन्तु उसका मसखरापन, उसकी वेदना को नहीं छुपाता। एक जगह वह कहता है, ÷मेरे माता-पिता के तलाक के बाद से मैंने मजाक को दुःख से लड़ने का हथियार बना लिया है।÷ जाहिर है कि वह साफ़ बात करने में यकीन रखता है। पैरी पहले ही अपनी अदाकारी से दर्शकों को यह बता चुके होते हैं कि चैंडलर के लिए चुटकुले और मजाक दरअसल उसकी ढाल हैं। अपनी मज़ाहिया टिप्पणियों, टेढ़ी हंसी और एकदम सही समय पर शब्दों को विराम देने की उसकी अदा, चैंडलर के चरित्र को और जटिल और एकदम आम मनुष्य जैसा बनाती है। वे उस पुरानी कहावत को चरितार्थ करते हैं कि ÷वक्त ट्रेजेडी को कॉमेडी में बदल देता है।÷

परन्तु पैरी नहीं चाहते थे कि उन्हें केवल उनके किरदारों के लिए याद किया जाए। वे केवल चैंडलर बिंग नहीं बने रहना चाहते थे। इसलिए उन्होंने सन 2022 में अपने संस्मरणों को एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जिसका शीर्षक था÷ ÷फ्रेंड्स, लवर्स एंड द बिग टेरीबिल थिंग÷।इसमें उन्होंने शराब और ड्रग्स की लत से अपनी कई दशकों लम्बी लड़ाई का वर्णन किया। अपनी लतों के कारण वे 2018 में गंभीर रूप से बीमार हो गए थे। उन्हें न्युमोनिया हुआ, उनकी बड़ी आंत फट गई, उन्हें कुछ समय लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रहना पड़ा, वे दो हफ्ते तक कोमा में रहे, उनकी पेट की एक दर्जन से ज्यादा बार सर्जरी हुई और नौ महीनों तक उन्हें कोलोसटोमी बैग के सहारे जीना पड़ा। उन्हें यह अहसास भी हुआ कि अपने 49 साल के जीवन में से आधा समय उन्होंने अस्पतालों और नशा-मुक्ति केन्द्रों में गुज़ारा है। इस पुस्तक में उन्होंने अपनी जीवन के कई दर्दनाक अनुभवों का खुलासा किया है। वे अपनी ही निगाहों में कैसे गिरे और अपने कई रूमानी रिश्तों, जिनमें जूलिया रोबर्ट्स सहित कई जानीमानी अभिनेत्रियाँ शामिल थीं, में वफ़ादारी के अभाव का मर्मस्पर्शी वर्णन इस पुस्तक में है। उन्होंने कभी शादी नहीं की और ना ही उनके बच्चे हैं। इस पुस्तक में एक स्थान पर वे कोष्ठकों के अन्दर लिखते हैं÷ ÷कृपया ध्यान दें÷ अगले कुछ पैरा में यह पुस्तक संस्मरण न होकर जीवनी बन जाएगी क्योंकि मैं वहां नहीं हूँ।÷ पैरी को उम्मीद थी कि ÷फ्रेंड्स, लवर्स एंड द बिग टेरीबिल थिंग÷ को अंततः किताबों की दुकानों के उस हिस्से में रख दिया जायेगा जहाँ सेल्फ-हेल्प किताबें रहतीं हैं। वे चाहते थे कि 'फ्रेंड्स' में उनके काम को उनकी उपलब्धियों की सूची में काफी नीचे रखा जाए।

पर ऐसा हुआ नहीं।

पैरी के करियर से किसी को भी ईर्ष्या हो सकती है। चैंडलर के रूप में वे मकबूल तो थे ही, जब यह सिटकाम अपनी लोकप्रियता के चरम पर था तब उन्हें हर एपीसोड के 10 लाख डालर मिला करते थे। उन्हें 'वेस्ट विंग', 'फ्रेंडस के अंतिम सीजन और सन् 2007 की सीरीज 'द रोन क्लार्क स्टोरी' में उनके अभिनय के लिए एमी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया।'द होल नाइन यार्डस' हिट था। उनका हर किरदार मजेदार हुआ करता था ङ्क चाहे वे लिजा कुडरो के शो 'वेब थैरेपी' में एली मेकबील रहे हों या कुछ और। वे 'स्टूडियो 60 ऑन द सनसेट स्ट्रिप', 'मिस्टर सनशाइन' और 2012 के सिटकाम 'गो ऑन' में अपनी भूमिकाओं को लेकर गर्वित महसूस करते थे। उन्होंने अपनी पुस्तक का लेखन समाप्त कर लिया था। अपने लंबे और कठिन संघर्ष के बाद उन्हें कुछ चैन और एक नई शुरूआत का मौका मिलना चाहिए था। उन्होंने स्क्रीनप्ले लिखना शुरू कर दिया था। वे भविष्य के प्रति बहुत आशान्वित थे। परंतु उन्हें अपने जीवन के नाटक में दूसरा अंक खेलने का मौका नहीं मिला। वे यह करना चाहते थे, और उन्हें यह करने का मौका मिलना चाहिए था।

'फ्रेंडस' की सार्वत्रिकता उनकी मृत्यु को और त्रासद बनाती है। क्या कई सितारे सिंडिकेशन और स्ट्रीमिंग के जरिए अमर नहीं हो जाते? परंतु वे हमारे बीच अपने पीछे ढ़ेर सारी खिलखिलाहट और हंसी छोड़ गए हैं। दूसरा चैंडलर कभी नहीं होगा। वे हमेशा जिंदा रहेंगे। मगर जब भी हम 'फ्रेंडस' में उनकी हाजिरजवाबी को देखेंगे तब हम अपने आपको रोने से नहीं रोक सकेंगे। उनकी मौत ने इस लहूलुहान दुनिया से थोड़ी और हंसी छीन ली है।

**-श्रुति व्यास-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# सो रही बालिका को उसके बड़े पिता ने टांगी से हमला कर उतारा मौत के घाट

- संवाददाता -
अंबिकापुर,03 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बाकीपुर पटेलपारा में शुक्रवार की देर रात बड़े पीता ने 13 वर्षीय भतीजी को टांगी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। बालिका अपने कमरे में सो रही थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि मैं सिधमा निवासी एक व्यक्ति की हत्या करना चाहता था। नींद में लगा की वही सो रहा है और मार डाला। पुलिस के अनुसार आरोपी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



पूनम पैकरा पिता रामनारायण पैकरा उम्र 13 वर्ष गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बाकीपुर पटेलपारा की रहने वाली थी। वह 2 नवंबर की रात को खाना खाने के बाद अपने कमरे में अकेली सोई थी। 3 नवंबर की देर रात करीब 3 बजे कमरे से उसके चीखने चिल्लाने की आवाज सुनाई देने पर उसके पिता व मां कमरे में पहुंचे तो पूनम के बड़े पिता 50 वर्षीय चंद्रभान पैकरा हाथ में टंगी लिए हुए कमरे से बाहर निकल रहा था। परिजन द्वारा पूछने पर बताया कि गलती से पूनम को मार दिया है। परिजन ने घटना की जानकारी डायल 112 को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर गांधीनगर थाने लाई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि मैं सिधमा निवासी एक व्यक्ति की हत्या करना चाहता था। नींद में लगा की वही सो रहा है और मार डाला। पुलिस के अनुसार आरोपी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# पीजी कॉलेज के खेल मैदान में दो और हेलीपैड का निर्माण शुरू

- » स्टार प्रचारक को की सुरक्षा के मद्देनजर जिला प्रशासन बनवा रही है हेलीपैड, दो निर्माण के कुल तीन हेलीपैड होंगे इस मैदान में
- » खिलाड़ी व छात्र परेशान लेकिन सुनने वाला कोई नहीं,महाविद्यालय प्रबंधन भी मौन



- संवाददाता -
अंबिकापुर,03 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

विधानसभा चुनाव में स्टार प्रचारकों के लिए जिला प्रशासन के द्वारा संभाग के सबसे बड़े महाविद्यालय राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खेल मैदान में दो ओर हेलीपैड का निर्माण करवा रही है इन दो हेलीपैड के निर्माण के बाद कॉलेज ग्राउंड में कुल तीन हेलीपैड हो जाएंगे वह भी कंक्रीट के. इसके बाद यहां खेलने वाले छात्र-छात्राओं को अब न सिर्फ दिक्कत होगा बल्कि उन्हें कहीं और जाकर अपना खेल अभ्यास करना होगा। कॉलेज ग्राउंड में दोनों हेलीपैड निर्माण होने से यहां के न सिर्फ छात्रों में इस बात को लेकर रोष है वहीं यहां सुबह शाम यहां खेलने आने वाले खिलाड़ियों को भी काफी दुखी हैं। लेकिन चुनाव तत्काल है ऐसे में उनकी समस्याओं को सुनने वाला शायद कोई नहीं है हालांकि जिला प्रशासन के अधिकारी यह भी कह रहे हैं कि चुनाव के बाद दोनों हेलीपैड को हटा दिया जाएगा और खेल मैदान को पूर्व की भांति कर दिया जाएगा हालांकि यह तो चुनाव के बाद ही देखा जाएगा की यह अधिकारी अपने बातों पर कितना कायम रहते हैं लेकिन अब फिलहाल कॉलेज ग्राउंड के इस मैदान में खेल कूद कूद संभव नहीं है। 25 मीटर की परिधि वाले इन तीनों हेलीपैड में हजारों टन कंक्रीट डाले जा रहे हैं जिन्हें हटाना भी उतना ही मुश्किल होगा जितना निर्माण कार्य करने में हो रहा है।

## रिटायर्ड कर्मचारी के भूले एटीएम कार्ड से 80 हजार रुपए की निकासी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,03 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

राजस्व विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी का एटीएम कार्ड 5 दिन पूर्व कहीं खो गया था। इसके बाद उसके खोते से एटीएम द्वारा कई बार में 80 हजार रुपए निकाल लिया गया। रिटायर्ड कर्मचारी ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार सकल साय गांधीनगर थाना क्षेत्र के पटपरिया का रहने वाला है। वह राजस्व विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी है। 24 अक्टूबर को एटीएम के माध्यम से रुपए निकाला था। 30 अक्टूबर को उसका एटीएम कार्ड कहीं खो गया। इसके बाद उसके खाते से 80 हजार रुपए निकाले जाने का मौसेज आया। वह बैंक जाकर पता किया तो बताया गया कि 30 से 1 नवंबर के बीच कई बार में कुल 80 हजार रुपए एटीएम कार्ड के माध्यम से निकाला गया है। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## तेज रफ्तार कर अनियंत्रित होकर खेत में पलटी,चालक की मौके पर मौत



- संवाददाता -
अंबिकापुर,03 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

मणिपुर थाना क्षेत्र के भिट्ठी चौक से आगे गुरुवार की शाम तेज रफ्तार अनियंत्रित कार सडक् किनारे खेत में जाकर पलट गई। दुर्घटना में कार सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

बसंत राम राजवाड़े पिता सूरज राम राजवाड़े उम्र 22 वर्ष कोतवाली थाना क्षेत्र के श्रीगढ़ पटेलपारा का रहने वाला था। इसका भिट्ठी में भी घर है। वहीं रहकर पेंटर का काम करता था। गुरुवार को कार से लहपटरा गया था। वापस आने के दौरान शाम करीब 6.30 बजे भिट्ठी चौक के पास कार की गति काफी तेज होने के कारण अनियंत्रित हो गई और सडक् किनारे खेत में जाकर पलट गई। दुर्घटना में बसंत राम की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मणिपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। शुक्रवार को शव का पीएम कराकर परिजन को सौंप दिया है।

## त्योहारों के मौके पर नकली खोवा और गुणवत्ताहीन मिठाई की बिक्री रोकने स्वीट्स दुकानों से लिया गया मिष्ठानों का सैम्पल





- संवाददाता -
अंबिकापुर,03 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

आगामी त्योहारों के मौके पर लोक स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए नकली खोवा तथा गुणवत्ताहीन मिठाई की बिक्री की आशंका से खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार एवं अभिहित अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के समस्त मिठाई दुकानों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। मिलावट की आशंका के मद्देनजर वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री आरआर देवांगन एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री प्रशान्त कुमार तिवारी तथा खाद्य औषधि प्रशासन की टीम द्वारा गत दिवस मेसर्स अंबिका स्वीट्स, प्रतापपुर रोड, अंबिकापुर से कलाकंद एव मेसर्स बैरागी स्वीट्स एण्ड बेकरी, प्रतापपुर रोड, अंबिकापुर से गुलाब जामुन एवं मेसर्स श्री स्वीट्स एण्ड नमकीन, देवीगंज रोड, अंबिकापुर से रसगुल्ला एवं मेसर्स गवंटिया स्वीट्स, खरसिया रोड, श्रीगढ़ अंबिकापुर से खोवा का नमूना जांच हेतु संकलित किया गया है। संकलित कर परीक्षण/ विश्लेषण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर से परीक्षण/ विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम विनियम 2011 के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।

## भृत्य की बाइक चोरी,जुर्म दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,03 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

एक भृत्य की बाइक अज्ञात चोरों ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित पार्किंग स्थल से 31 अक्टूबर को चोरी कर ली है। भृत्य ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार भारद्वाज दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम बरटिकरा का रहने वाला है। वह भृत्य के पद पर कलेक्टोरेट परिसर में पदस्थ है। वह 31 अक्टूबर को अपनी बाइक क्रामंक सीजी 15 डीके 9895 को कलेक्टोरेट परिसर स्थित पार्किंग स्थल पर खड़ा किया था। शाम के जब वह घर जाने निकाला तो उसकी बाइक नहीं थी। किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी। वह मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## इस बार गर्ल्स कॉलेज में लगेगा पटाखा दुकान

- संवाददाता -
अंबिकापुर,03 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

दीपावली पर्व पर पटाखा दुकान लगाने के लिए स्थल चयन को लेकर शुक्रवार को पटाखा व्यापारियों व प्रशासन के बीच बैठक हुई। जिसके बाद आगामी विधानसभा चुनाव के तैयारियों को देखते हुए प्रशासन व पुलिस ने पीजी कालेज में इस बार पटाखा दुकान लगाने की अनुमति नहीं दी। प्रशासन ने व्यापारियों को इस बार गर्ल्स कालेज मैदान को पटाखा दुकान लगाने की अनुमति मिली है। पहले इस स्थान को लेकर व्यापारी तैयार नहीं हो रहे थे परन्तु बाद में कलेक्टर व एसपी की समझाइश पर पटाखा व्यापारी मान गए हैं और गर्ल्स कॉलेज मैदान में दुकान के लिए निगम द्वारा मार्किंग व अन्य सुविधाओं के लिए तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। वहीं इस बार 190 पटाखा दुकान लगाया जाएगा। इसके लिए प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

विधानसभा आम निर्वाचन 2023

## प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का हुआ आबंटन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,03 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम अनुसार 30 अक्टूबर तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने तथा 31 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा पूर्ण किए जाने के पश्चात गुरुवार 2 नवम्बर को नाम वापसी की प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई है। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों से कुल 41 अभ्यर्थी विधानसभा निर्वाचन में शामिल होंगे। सभी प्रत्याशियों को रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा चुनाव चिन्ह का आबंटन कर दिया गया है।

### विधानसभा लुण्ड्रा के 12 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-09 लुण्ड्रा से कुल 12 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिया गया है। लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी से अलेक्जेण्डर केरकेट्टा को झाड़ू, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़(जे) से इसीदोर तिर्की को वर्ग में हल जोतता किसान, बहुजन समाज पार्टी से दिलीप सिंह गोंड को हाथी, भारतीय जनता पार्टी से प्रबोध मिंज को कमल, इंडियन नेशनल कांग्रेस से डॉ प्रीतम राम को हाथ, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्ससिस्ट) से बलबीर नागेश को हथौड़ा, हँसिया और सितारा, हमर राज पार्टी से अनुक प्रताप सिंह टेकाम को बाल्टी तथा निर्दलीय अफसाना सिंह को सेब, श्रीमती उर्मिला सिंह को ब्लैक बोर्ड, चक्रधारी सिंह को फुटबॉल, लीलाधर पैंकरा को कांच का गिलास, लोभन राम पैंकरा को सिलाई की मशीन का चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया है।

### विधानसभा अम्बिकापुर के 13 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-10 अम्बिकापुर के कुल 13 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिया गया है। अम्बिकापुर विधानसभा क्षेत्र के जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़(जे) से श्री अब्दुल माजिद को वर्ग में हल जोतता किसान, इंडियन नेशनल कांग्रेस से टीएस सिंहदेव को हाथ, भारतीय जनता पार्टी से राजेश अग्रवाल को कमल, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से बालसाय कोर्राम को आरी, हमर राज पार्टी से रामनन्दन पैंकरा को बाल्टी, राष्ट्रीय महान गणतंत्र पार्टी के सुजान बिंद को आदमी व पाल युक्त नौका, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के संतोष विश्वकर्मा को बांसुरी, निर्दलीय अनिल श्रीवास्तव रोटी पार्टी को एअरकंडीस्नर, श्रीमती एस्तर खलखो को बैटरी टार्च, क्रान्तिकुमार को ब्लैक बोर्ड, मीरा रवि को माईक, मुकेश गोस्वामी को कटहल तथा राकेश कुमार साहू को फूलगोभी का चिन्ह आबंटित किया गया है।

### विधानसभा सीतापुर के 16 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-11 सीतापुर के कुल 16 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिया गया है। इंडियन नेशनल कांग्रेस से अमरजीत भगत को हाथ, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) से जेम्स टोप्पो को वर्ग में हल जोतता किसान, बहुजन समाज पार्टी से प्रकाश किस्पोट्टा को हाथी, आम आदमी पार्टी से श्रीमती प्रियंका को झाड़ू, भारतीय जनता पार्टी से पूर्व सैनिक रामकुमार टोप्पो को कमल, हमर राज पार्टी से कमलनाथ सिंह को बाल्टी, बहुजन मुक्ति पार्टी से श्री निर्मल कुजूर को चारपाई तथा निर्दलीय अनिल मिंज को फुटबॉल, डॉ आजाद भगत को एअर कंडीस्नर, फांसीस एक्का को ऑटो रिक्शा, बालमदीना निराला को बेबी वॉकर, विपिन बिहारी पैंकरा को सेब, श्री रामकुमार को फॉक, रामकुमार किंडो को फूलगोभी, श्रीमती शांति देवी को कांच का गिलास, संतोष कुमार खेस्स को अलमारी का चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया है।

## युवा मतदाता जागरूकता मैच का आयोजन

- » जिला प्रशासन एलेवन और पुलिस प्रशासन एलेवन के बीच खेला गया क्रिकेट मैच
- » बड़ी संख्या में युवा हुए शामिल,मतदान अवश्य करने की ली शपथ
- » इस बार 18-19 वर्ष के 24 हजार से ज्यादा युवा मतदाता पहली बार करेंगे अपने मत का प्रयोग







- संवाददाता -
अंबिकापुर,03 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में जिले में शत-प्रतिशत मतदान हेतु लगातार स्वीप गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। शुक्रवार को स्वीप सरगुजा द्वारा गांधी स्टेडियम में मतदाता जागरूकता क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस मतदाता जागरूकता क्रिकेट मैच के माध्यम से शहर के युवा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रशासन एलेवन और पुलिस प्रशासन एलेवन के बीच क्रिकेट मैच का महामुकाबला हुआ। क्रिकेट मैच में जिला प्रशासन एलेवन ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया। 15 ओवर में 70 रन लक्ष्य पुलिस प्रशासन को दिया। दूसरी पारी में बैटिंग करते हुए पुलिस प्रशासन एलेवन की टीम ने सात विकेट से 70 रन के लक्ष्य को पूर्ण करते हुए अपनी जीत दर्ज की। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मतदाता जागरूकता क्रिकेट मैच का लुत्फ लेते नजर आए। वही कलेक्टर कुंदन कुमार ने बताया कि जिले में इस वर्ष 18-19 वर्ष के 24 हजार से ज्यादा युवा मतदाता पहली बार अपने मत का प्रयोग करने जा रहे हैं। युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप सरगुजा द्वारा मतदाता जागरूकता क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी कुंदन कुमार ने कुंदन जिले के सभी मतदाताओं से 17 नवंबर मतदान दिवस के अवसर पर शत-प्रतिशत मतदान हेतु मतदाताओं से अपील की।

# प्रतापपुर विधान सभा में दो महिलाओं के बीच मुकाबला

### दोनो प्रमुख दल सक्रिय

ओंकार पांडेय
- संवाददाता -
सूरजपुर, 03 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

जिले की प्रतापपुर विधान सभा सीट पर दोनो ही प्रमुख दलों ने महिला कार्ड खेला है । बीजेपी ने शकुंतला पोर्ते. की महिला प्रत्याशी को बीजेपी ने मैदान में उतारा है. तो कांग्रेस भी कम नहीं रही वह भी उसी समाज से महिला जिला पंचायत की अध्यक्ष राज कुमारी मरावी को अपना उम्मीदवार बनाया है। प्रतापपुर सीट की बात करे तो अनुसूचित जन-जाति के लिए आरक्षित यह सीट है मजे की बात है की इस सीट पर आसीन विधायक दो जिला का प्रतिनिधित्व करता है क्योंकि इस विधान सभा का आधा क्षेत्र सुरजपुर जिला तो आधा क्षेत्र बलरामपुर में आता है। जातिगत समीकरण को दृष्टिगत रखते हुए दोनो दलों ने महिला के साथ साथ एक ही समाज के प्रत्याशी को मैदान में उतारा है। बीजेपी की उम्मीदवार शकुंतला पोर्ते अनुसूचित जनजाति वर्ग से आती हैं ।गोंड समाज में इनकी अच्छी पैठ है. तो कांग्रेस की राजकुमारी शिवभजन मरावी भी कम नहीं है जिला पंचायत के एक चुनाव में पूर्व गृह मंत्री राम सेवक पैकरा की धर्मपत्नी शशि कला पैकरा को पराजित कर चुकी है राजनीतिक जानकार बताते हैं कि इस सीट पर कुल मतदाता 108325 है. इनमें से 60 फीसदी अनुसूचित जनजाति के हैं. इसमें गोंड समाज की संख्या 40 प्रतिशत है. यानि करीब वोटरों का एक तिहाई भाग गौड़ समाज से है बाकी बचे हुए में कंवर, पंडो, चेरवा और पहाड़ी कोरवा समाज आता है. गोंड सीटों पर अपनी पकड़ मजबूत करने भाजपा ने 44 साल की पोर्ते को उतारा है.प्रतापपुर विधानसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है. इस विधानसभा में सिर्फ 30 से 35 फीसदी आबादी ओबीसी और सामान्य वर्ग से हैं. जिसमें जायसवाल, कुशवाहा, गुप्ता, मुस्लिम समाज के लोग भी शामिल हैं. इसी वजह से आदिवासी समाज से ही प्रत्याशी खड़े किए जाते हैं. शकुंतला पोर्ते पेशे से वकील हैं. वर्तमान में महिला मोर्चा बलरामपुर की अध्यक्ष हैं. वे लंबे समय से बीजेपी में सक्रिय हैं। शकुंतला पोर्ते बीजेपी की तेज तर्रार नेता के रूप में जानी जाती है. वह गोंड समुदाय से आती हैं. इसलिए बीजेपी ने उन्हें टिकट देकर जातिगत दांव खेलने की कोशिश की है. बीजेपी ने महिला वोटरों को साधने के लिहाज से भी शकुंतला पोर्ते को टिकट दिया है. तो वही सतारूढ़ पार्टी भी कम नहीं है कांग्रेस भी सरपंच जनपद सदस्य जिला पंचायत सदस्य सहित जिला पंचायत की अध्यक्ष राजकुमार मरावी को बनाया गया है। इनके पति शिव भजन मरावी भी सक्रिय राजनीति में दखल रखते है और इनका प्रतापपुर क्षेत्र में अच्छा प्रभाव है और पूर्व गृह मंत्री की पत्नी से चुनावी समर में दो दो हाथ कर फतह हासिल कर चुकी है। छत्तीसगढ़ सरकार में पूर्व शिक्षा व आदिम जातीय कल्याण मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम प्रतापपुर सीट से विधायक हैं. विधानसभा चुनाव 2018 में प्रेमसाय सिंह टेकाम ने भारतीय जनता पार्टी के रामसेवक पैकरा को 44 हजार 105 वोटों के बड़े अंतर से हराया था. इसी का बदला लेने भाजपा ने इस बार नया और युवा कैंडिडेट मैदान में उतारा है. प्रेमसाय सिंह टेकाम स्कूली शिक्षा मंत्री का पद भी संभाल चुके हैं. अभी उन्हें छत्तीसगढ़ योजना आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है. प्रतापपुर विधानसभा में वोटर्स की बात करे तो प्रतापपुर विधानसभा सीट में कुल मतदाताओं की संख्या 108325 है. जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 54112 है, तो महिला मतदाताओं की संख्या 54212 है. इस विधानसभा क्षेत्र में पुरुष और महिला मतदाताओं की संख्या में ज्यादा अंतर नहीं है. लगभग बराबरी पर है इसलिए चुनाव के दौरान महिला-पुरुष दोनों का वोट प्रत्याशियों के लिए बेहद अहम हो जाता है। इस सीट पर अनुसूचित जनजाति के लोगों का प्रभाव ज्यादा है. इसलिए एसटी वर्ग के उम्मीदवार को ही यहां के लोग अपने प्रतिनिधी के रूप में चुनते रहे हैं





### प्रतापपुर विधानसभा की समस्याएं

प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र को अगल जिला बनाने की मांग लम्बे समय से चली आ रही है. भाजपा शासनकाल में अलग जिला बनाने की बात कही गई थी, लेकिन अभी तक जिला नहीं बनाए जाने से यहां के वोटर्स नाराज नजर आते हैं. बताया जाता है कि डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम ने भी प्रतापपुर विधानसभा को अलग जिला बनाने के मुद्दे को लेकर ही चुनाव जीता था. वहीं कांग्रेस संगठन में कार्यकर्ता डॉ प्रेमसाय सिंह से काफी नाराज नजर आ रहे थे ।शायद यही वजह थी की इस साल चुनाव में इसके कारण इनका टिकट भी काट दिया गया है. प्रतापपुर विधानसभा चारों तरफ जंगलों से घिरा हुआ क्षेत्र है. जिसके कारण यहां हाथियों का प्रकोप बना रहता है. हाथीयो के हमले से असामयिक मौत के गाल में समा जाते है।शासन प्रशासन द्वारा हाथियों के समस्या का कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है. जिसके कारण लोगों में काफी नाराजगी नजर आ रही है. जिले की खराब सड़कें भी एक मुद्दा है.

### प्रतापपुर विधानसभा की 2018 विधानसभा चुनाव की तस्वीर

2018 में प्रतापपुर विधानसभा से कुल 18 उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई थी. डॉक्टर प्रेमसाय सिंह टेकाम इंडियन नेशनल कांग्रेस से 90148 वोट पाकर विजयी हुए थे. डॉ प्रेमसाय सिंह को शिक्षा मंत्री के तौर पर नियुक्त किया गया था. दूसरे स्थान पर भारतीय जनता पार्टी के रामसेवक पैकरा रहे. उन्हें 46043 कुल वोट मिले थे. तीसरे स्थान पर आशा देवी पोया गोंडवाना गणतंत्र पार्टी 17341 कुल वोट मिले थे. चौथे स्थान पर डॉ नरेंद्र प्रताप सिंह जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) 5977 कुल वोट मिले थे. पांचवें पर छोटेलाल तिर्की आम आदमी पार्टी 1971 कुल वोट मिले थे. छठवें नंबर पर निर्दलीय प्रत्याशी वीर नाथ सिंह को 1808 कुल वोट मिले थे.

विधानसभा का चुनावी इतिहास- पिछले तीन विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और बीजेपी के प्रत्याशी बारी बारी से इस सीट से जीतते आ रहे हैं. 2018 विधानसभा चुनाव में भाजपा के रामसेवक पैकरा को कांग्रेस प्रत्याशी डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम ने हराया था। वहीं 2013 विधानसभा चुनाव में रामसेवक पैकरा ने डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम के खिलाफ जीत दर्ज किया था। 2008 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के ही डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम ने रामसेवक पैकरा को हराकर बड़ी जीत दर्ज की थी. इस तरह प्रतापपुर विधानसभा सीट में भाजपा और कांग्रेस दोनों का वर्चस्व रहा है।

# विदेश मंत्री बोले,हिंद-प्रशांत क्षेत्र में इटली और यूरोपीय संघ की 'अधिक रुचि' स्वागत योग्य

**रोम (इटली), 03 नवम्बर 2023 ।** इटली दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में इटली और यूरोपीय संघ की अधिक रुचि का स्वागत किया। उन्होंने शुक्रवार को रेखांकित किया कि दुनिया के हर कोने में रुचि लेना वैश्विक दुनिया में महत्वपूर्ण है। विदेश मंत्री ने इटली दौरे के दौरान सीनेट के विदेश मामलों और रक्षा आयोग के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। उन्होंने देश की विदेश नीति का जिक्र करते हुए बताया कि भारत आज दुनिया को कैसे देखता है।



### जयशंकर इस्राइल और हमास के हिंसक संघर्ष पर भी बोले

इटली की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे जयशंकर ने कहा, ÷हम बहुत स्पष्ट रूप से देख रहे हैं कि आने वाला समय बहुत कठिन है। आने वाला समय बहुत अशांत है। बता दें कि पिछले साढ़े चार साल में विदेश मंत्री के रूप में जयशंकर चौथी बार इटली पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि भारत मध्य पूर्व (इस्राइल और हमास का युद्ध) में उभरती स्थिति को बढ़ती चिंता के साथ देख रहा है। जयशंकर ने कहा,जाहिर है,हम सभी को यह सुनिश्चित करने में रुचि होगी कि कोई तनाव न बढ़े। लेकिन यह निश्चित रूप से चिंता का विषय है।

### वैश्विकरण के दौर में दुनिया के हर कोने में रुचि लेना जरूरी

विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक रोम में अपने संबोधन के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, ÷मुझे लगता है कि एक वैश्वीकृत दुनिया में, यह महत्वपूर्ण है कि हम सभी अपनी सर्वोत्तम क्षमता के अनुसार दुनिया के सभी कोनों में रुचि लें। हमारे लिए, यह भी हमारे सहयोग का एक नया पहलू बनकर उभरा है।

# चुनाव की तारीखों पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी, सीजेपी बोले-भगवान ने चाहा तो 8 फरवरी को होंगे




**इस्लामाबाद, 03 नवम्बर 2023।** पाकिस्तान में आम चुनाव की तारीखों को लेकर संशय खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इसी बीच पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश ने कहा, भगवान ने चाहा तो 8 फरवरी को पाकिस्तान में आम चुनाव होंगे। चुनाव आयोग और राष्ट्रपति अल्वी की तारीख पर सहमति के बाद पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश ने यह बयान दिया है।

पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) द्वारा शुक्रवार को 8 फरवरी को आम चुनाव कराने की अधिसूचना जारी करने और इसे सुप्रीम कोर्ट में सौंपने के बाद मुख्य न्यायाधीश ईसा ने ये टिप्पणी की। मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राष्ट्रपति अल्वी से मुलाकात की और बाद में राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान जारी किया। उन्होंने कहा, आम चुनाव 8 फरवरी को होंगे। यह घटनाक्रम चुनाव आयोग के वकील द्वारा शीर्ष अदालत को बताए जाने के कुछ घंटों बाद आया। शुक्रवार को पाकिस्तान के अटॉर्नी जनरल (एजीपी) मंसूर उस्मान अवान ने मुख्य न्यायाधीश ईसा, न्यायमूर्ति अतहर मिनल्लाह और न्यायमूर्ति अमीन-उद-दीन खान की तीन सदस्यीय पीठ को ईसीपी की चुनाव अधिसूचना सौंपी।

तीन न्यायाधीशों की पीठ सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) और इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी समेत अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। मुख्य न्यायाधीश ईसा ने कहा, पाकिस्तान के लोग चुनाव के हकदार हैं और उम्मीद जताई कि सभी संस्थाएं चुनाव कराने में अपनी संवैधानिक भूमिका निभाएंगी। ईसीपी से तैयारी पूरी करने के बाद चुनाव कार्यक्रम जारी करने का आग्रह किया। शीर्ष न्यायाधीश ने यह भी कहा, चुनाव की तारीख न देकर देश को चिंता में डाल दिया गया। उन्होंने कहा, ऐसी भी आशंका थी कि चुनाव होंगे ही नहीं।

# खैबर पख्तूनख्वा में खेती करेगी पाकिस्तानी सेना, रिपोर्ट में खुलासा;कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर जोर

**पेशावर,03 नवम्बर 2023 ।** पाकिस्तान की सेना अब खेती करने के मूड में दिख रही है। हाल ही में सामने आई एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया। पंजाब प्रांत में खेती करने का निर्णय लेने के महीनों बाद, पाक सेना अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की हजारों एकड़ जमीन पर खेती करने जा रही है।

### रिपोर्ट में दावा, पाक सेना करेगी खेती

रिपोर्ट के जारी होते ही सोशल मीडिया में तमाम प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही है। पाक सेना कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए यह कदम उठा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, सेना 1,000 एकड़ भूमि पर खेती करेगी। कृषि उत्पादकता बढ़ाने और खाद्य आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए दक्षिण वजीरिस्तान के जर्मलम क्षेत्र में 41,000 एकड़ तक विस्तार करेगी, जो वर्षों से बंजर था। रिपोर्ट में पेशावर के कोर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल सरदान हसन अजहर हयाल के हवाले कहा गया, इस तरह की परियोजना से कृषि उत्पादकता बढ़ने और खाद्य आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा।



उन्होंने कहा, खैबर पख्तूनख्वा में पाक सेना कृषि खेती को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। बता दें कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत अफगानिस्तान की सीमा के करीब है। दक्षिणी वजीरिस्तान पहाड़ियों और चोटियों वाला एक ऊबड़-खाबड़ इलाका है, जहां गर्म ग्रीष्मकाल और अत्यधिक ठंडी सर्दियां होती हैं। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के मुताबिक, खैबर पख्तूनख्वा पाकिस्तान के सबसे गरीब क्षेत्रों में से एक हैं। लंबे समय तक संघर्ष और स्थानीय आबादी के विस्थापन के कारण कृषि भूमि और सिंचाई संरचनाओं के साथ-साथ नुकसान भी हुआ है। पशुधन आबादी और पशु आश्रय। एफएओ की 2021 की रिपोर्ट में कहा गया है, 2015 में सैन्य मंजूरी के बाद, विस्थापित परिवार अपने घरों में लौटना शुरू कर चुके हैं।

# सुशीला जयपाल कर रही अमेरिकी संसद में जाने की तैयारी,ओरेगन से ठोकी दावेदारी

**ह्यूस्टन,03 नवम्बर 2023 ।** भारतीय-अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल की बहन सुशीला जयपाल ने अमेरिकी राज्य ओरेगन से यूएस कांग्रेस में चुने जाने के लिए अपनी दावेदारी शुरू की है। ओरेगॉन में एक पूर्व काउंटी आयुक्त सुशीला ने उम्मीदवारी की घोषणा की, जिसका लक्ष्य लंबे समय से डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रतिनिधि अर्ल ब्लूमेनॉयर की जगह लेना है। पूर्व वकील ने कांग्रेस के लिए दौड़ शुरू करने के लिए बुधवार सुबह राज्य के मल्टनोमाह काउंटी कमिश्नर बोर्ड से इस्तीफा दे दिया।




भारत में जन्मी सुशीला ने सोशल मीडिया में साझा करते हुए कहा, हमें कांग्रेसी ब्लूमेनॉयर की विरासत को आगे बढ़ाने, एमएजीए विचारकों के साथ खड़े होने और हमारे मूल्यों से समझौता किए बिना हमारे समुदाय के लिए काम करने के लिए वाशिंगटन में एक प्रगतिशील चैंपियन की जरूरत है। डेमोक्रेट सुशीला ने कहा कि आज मुझे कांग्रेस के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा करते हुए गर्व महसूस हो रहा है

एक रिपोर्ट में सुशीला के हवाले से कहा गया, यह निश्चित रूप से उस काम को जारी रखने के बारे में है जो मैं स्थानीय मुद्दों पर काउंटी में कर रही हूं। बेघर संकट, सार्वजनिक सुरक्षा, फ्रंट लाइन श्रमिकों के लिए मजदूरी ये सभी महत्वपूर्ण मुद्दे हैं।

वाशिंगटन राज्य के 7वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाली उनकी बहन प्रमिला ने उनकी कांग्रेसी दावेदारी का समर्थन किया है। इस दौरान उन्होंने कहा, मेरी अविश्वसनीय बहन सुशीला ने अभी-अभी कांग्रेस के लिए अपना अभियान शुरू किया है।

# कोयलांचल क्षेत्र में रैली के माध्यम से मतदाताओं को दिया जा रहा जागरूकता का संदेश



**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,03 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशन में सहायक नोडल अधिकारी रोहित कुमार सोनी के नेतृत्व एस.सी.ई.एल. क्षेत्र विश्रामपुर में लोगों के प्रति सहभागिता बढ़ाने के लिए कन्या शाला बिश्रामपुर से रैली निकला गया। एस.सी.ई.एल. कॉलोनी से होते हुए वहां के लोगों को अपने वोट के प्रति जागरूकता का संदेश दिया तथा इस मतदाता रैली कार्यक्रम में स्कूल के समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।




विधानसभा निर्वाचन 2023

# वोटर हेल्पलाइन एप्प से मतदाता अपने मोबाइल पर ही देख सकते हैं अपना मतदान केन्द्र और निर्वाचन संबंधी अन्य जानकारियां

» **वोटर हेल्पलाइन मोबाइल एप्प डाउनलोड कर मतदाता जान सकते हैं अपने उम्मीदवारों के बारे में**

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,03 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के विधानसभा क्षेत्रों में मतदान 17 नवम्बर 2023 को किया जाएगा। मतदान के लिए मतदाताओं में काफी उत्साह है। ऐसे में मतदाता यह जानने के लिए उत्सुक होते हैं कि मतदान के लिए उनका कौन सा केन्द्र है, उनका नाम किस भाग संख्या अथवा क्रमांक पर है। ऐसी प्राथमिक जानकारी सहित कई अन्य जानकारियां अब मोबाइल फोन पर ही देखी जा सकती हैं। सुगम मतदान की दिशा में भारत निर्वाचन आयोग की वोटर हेल्पलाइन एप्प एक उपयोगी एप्लीकेशन है, जो आम मतदाताओं को उपयोगी जानकारी त्वरित गति से उपलब्ध कराने में कारगर साबित हो रही है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस दिशा में सतत प्रयास किया जाता है कि अपने मताधिकार का प्रयोग करने से कोई भी मतदाता वंचित न रहे। आयोग द्वारा वोटर हेल्पलाइन एप्प की शुरुआत इसी उद्देश्य से की गई है। मतदाताओं के लिए यह बहुउपयोगी एप्प एंड्रॉयड एवं आईओएस दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। इसमें मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र (इपिक) नम्बर डालकर बहुत ही आसानी से अपनी विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं। वोटर हेल्पलाइन एप्प के माध्यम से मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र सहित किसी भी अन्य क्षेत्र के प्रत्याशियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसमें प्रत्याशी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र भी देखा जा सकता है।

# दूरस्थ क्षेत्र के मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक



**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,03 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

दूरस्थ क्षेत्र ग्राम पंचायत घुईडीह में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया तथा उन्हें शपथ दिलाई गई, पिछले निर्वाचन में यहां वोट बहिष्कार की स्थिति बनी थी। यहां का वोट प्रतिशत शून्य था। ग्राम घुईडीह के आश्रित गांव बांकी वह बेलामी में भी आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कराया गया।

# बी.एड. व नर्सिंग के छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के महत्व को समझाया

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,03 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री लीना कोसम, संयुक्त कलेक्टर एवं जिला उप निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियंका वर्मा के मार्गदर्शन में पार्वती बी.एड. एवं नर्सिंग कॉलेज सिलफिली में छात्र-छात्राओं के द्वारा मेन रोड पंडोनगर बाजार, रेलवे अंडर ब्रिज होते हुए ग्राम पंचायत पंडोनगर में स्थित राष्ट्रपति भवन में रैली का समापन किया गया। राष्ट्रपति भवन के कैम्पस में बी.एड. कॉलेज के छात्र विकास कुमार पाठक एवं अनुराग सिंह के नेतृत्व में अपने सहपाठियों के साथ नुक्कड़ नाटक सरदार जी प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही नर्सिंग कॉलेज के शक्ति एवं सीमा के नेतृत्व में अपने सहपाठियों के साथ नुक्कड़ नाटक ''टुनटुन बाई'' प्रस्तुत किया गया जो मतदाताओं को जागरूक करने में महत्व रखता है। नुक्कड नाटक के पश्चात उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों एवं अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता शपथ भी दिलाया गया। इस अवसर पर सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती लता बेक, विकासखण्ड स्तरीय स्वीप नोडल अधिकारी सुनील कुमार पोर्ते ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित किया।







इस दौरान बी.एड. कॉलेज के प्राचार्य प्रीति सोनी एवं समस्त स्टाफ तथा नर्सिंग कॉलेज की एस.एम. जागृती लकड़ा तथा समस्त स्टाफ, उ.मा.वि. सिलफिली की संकुल प्राचार्य, सुदर्शन दास, अमरबेल एक्का, संदीप बेहरा तथा जयराम प्रसाद बी.पी.ओ. साक्षरता उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस




**- संवाददाता -**
**सूरजपुर, 03 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

महाविद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच. एन. दुबे के निर्देशन में संपन्न किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' योजना के प्रभारी श्री टी.आर. राहंगडाले एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी आनंद कुमार पैकरा ने आवश्यक निर्देश प्रदान किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक सुश्री प्रतिभा कश्यप एवं डॉ. सलीम किसपोट्टा, बुधलाल साहू, दिव्यादित्य सिन्हा, डॉ. हेमेंद्र सेन, डॉ. सुप्रिया तिवारी, जेबा बख्तियार, निशा खत्री एवं श्रीमती निर्मला एक्का,विष्णु कुमार तथा मुकेश सर ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता के लिए तत्पर रहकर राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करने हेतु प्रेरित उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी राष्ट्रीय एकता पर अपने वक्तव्य प्रस्तुत किया।

# आवेदक ने अन्य ग्रामीण पर लगाया आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप,जांच में पाई गई मिथ्या

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,03 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा ने बताया कि ग्राम जयपुर थाना दरिमा क्षेत्र के निवासी मोहरलाल एवं हीरालाल द्वारा आवेदन कर इसी ग्राम के निवासी ठुनुराम एवं सोनाबाई के विरूद्ध वर्तमान चुनाव आचार संहिता के दौरान अवैध शराब निर्माण व विक्रय, शासकीय भूमि अतिक्रमण करने, सार्वजनिक ट्यूबवेल को क्षतिग्रस्त करने, की शिकायत प्राप्त हुई जिसपर संज्ञान लेते हुए पुलिस थाना दरिमा एवं एफएसटी टीम द्वारा संयुक्त रूप से मौके पर वाद विषय की जांच की गई जिसमें उक्त के द्वारा शराब बनाने एवं बिक्री करने के संबंध में कोई सबूत नहीं मिले। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि आवेदकों द्वारा लगाए गए आरोपों की पुष्टि नहीं हुई, बल्कि आवेदक एवं अनावेदकगण के मध्य भूमि संबंधी विवाद होने के कारण आवेदकगणों के द्वारा शिकायत मिथ्या पाई गई है।

# बैलेट यूनिट मशीनों का किया गया सप्लीमेंट्री रेण्डमाईजेशन

» **बैलेट यूनिट मशीनों का किया गया सप्लीमेंट्री रेण्डमाईजेशन**

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,03 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-05 भटगांव में कुल 17 अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव लड़ने के कारण प्रति मतदान केन्द्र 01 अतिरिक्त बैलेट यूनिट एवं रिजर्व 20 प्रतिशत बैलेट यूनिट कुल 367 बैलेट यूनिट की आवश्यकता है, जिस कारण विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-05 भटगांव हेतु बैलेट यूनिट मशीनों का सप्लीमेंट्री रेण्डमाईजेशन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के द्वारा सप्लीमेंट्री रेण्डमाईजेशन के संबंध में विस्तृत जानकारी सर्व अभ्यर्थी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-05 भटगांव के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के प्रतिनिधि को दिया गया। बैलेट यूनिट मशीनों का अभ्यर्थी, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-05 सप्लीमेंट्री रेण्डमाईजेशन की सम्पूर्ण कार्यवाही भटगांव, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के प्रतिनिधि की उपस्थिति में किया गया। उपस्थित अभ्यर्थी 05-भटगांव, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के प्रतिनिधि के द्वारा ईव्हीएम सॉफ्टवेयर में बैलेट यूनिट मशीनों का सप्लीमेंट्री रेण्डमाईजेशन के मल्टीपल राउण्ड किये गये और कई राउंड किये गये और अंतिम राउंड को फाइनलाइज किया गया। इसके साथ ही रिटर्निंग ऑफिसर को सप्लीमेंट्री रेण्डमाईजेशन सूची अनुसार कुल 367 बैलेट यूनिट उपलब्ध कराकर उनके कस्टडी में दिया गया।





सम्पूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय में रखे बैलेट यूनिट मशीनों को परिसर सूरजपुर स्थित ईव्हीएम वेयर हाउस खोलने एवं वेयर हाउस में रखने के निर्देश दिये गये। बैलेट यूनिट मशीन को सप्लीमेंट्री रेण्डमाईजेशन सूची अनुसार पृथक्करण का संबंधित रिटर्निंग ऑफिसरों द्वारा ईव्हीएम 2.0 एप्प के माध्यम से तथा भौतिक रूप से रिसीविंग की कार्यवाही करने, मशीनों के परिवहन व मशीनों को स्ट्रांग रूम में रखने की सूचना देते हुए उन्हें उपरोक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में उपस्थित रहने हेतु आग्रह किया गया।

CMYK

# रेस्ट हाउस वाली भीड़ के जैसी ही दिखाई दी कोरिया के अंत करने वाले विधानसभा अध्यक्ष की पटना में आयोजित सभा की भीड़



**क्या क्षेत्रीय सांसद को भी बैकुंठपुर के कांग्रेस प्रत्याशी पर भरोसा नहीं उन्होंने कहना पड़ा मेरा चेहरा देखकर जीत दिलाएं ?**

**क्षेत्रीय सांसद को भी लोगों ने क्षेत्र में देखने का पाया सौभाग्य,लोगों ने यह भी कहा सांसद कब आखिरी बार पटना आईं थीं याद नहीं**

**कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी की पैरवी करने वाले विधानसभा अध्यक्ष के सभा में कांग्रेस प्रत्याशी सहित उनके समर्थक नहीं जुटा पाए अपार भीड़**

**एक दिन पूर्व से ही विधानसभा अध्यक्ष के आने की जगह हेलीकॉप्टर आने का किया जा रहा था प्रचार,हेलीकॉप्टर के नाम पर भी नहीं जुटा पाए समर्थक भीड़**

### भीड़ जुटाने के लिए हेलीकॉप्टर से आने का प्रचार किया

विधानसभा अध्यक्ष सांसद सहित जब पटना करजी ग्राउंड पहुंचे तब जो उपस्थित जन समूह दिखा वह कुल उतना ही माना जा सकता है जो किसी नेता या उनके स्वयं कभी जिले आने पर रेस्ट हाउस में जुटती है और वह भी तब जब वह सत्ता में रहने के दौरान आते हैं,इस भीड़ में भी अधिकांश लोग कांग्रेस के कार्यकर्ता थे जिनमे नाराज कार्यकर्ता अधिक थे। विधानसभा अध्यक्ष की गुरुवार को पटना में आयोजित आमसभा में जो प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित थी की तैयारी ऐसा नहीं है की विधायक समर्थकों ने नहीं की थी वह पूरे जोर शोर से तैयारियों में लगे हुए थे और उन्हे एक दिन पहले ही पता चल गया था की विधानसभा अध्यक्ष का आगमन हो रहा है प्रत्याशी समर्थक काफी मेहनत भी किए जैसा बताया जा रहा है यहां तक की भीड़ जुटाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष से ज्यादा हेलीकॉप्टर आने का प्रचार किया उन्होंने जिससे कम से कम हेलीकॉप्टर के नाम से ही लोग जुट सकें लेकिन उसमे भी समर्थकों को प्रत्याशी के सफलता नहीं मिली और कुछ सैकड़े की भीड़ में विधानसभा अध्यक्ष सांसद अपना उद्बोधन देकर चलते बने। विधायक समर्थक साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी समर्थक पहले से जानते थे की विधानसभा अध्यक्ष के नाम से भीड़ नहीं जुटने वाली इसलिए उन्होंने हेलीकॉप्टर का प्रचार ज्यादा किया था जिससे हेलीकॉप्टर के नाम से लोग पहुंचे आमसभा मैदान में लेकिन उनकी वह युक्ति भी कारगर साबित नहीं हुई और हेलीकॉप्टर देखने भी लोग नहीं जुटे।

### क्या क्षेत्रीय सांसद को भी बैकुंठपुर के प्रत्याशी पर भरोसा नहीं उन्होंने कहना पड़ा मेरा चेहरा देखकर जीत दिलाएं ?

सांसद चुनावी सभा को संबोधित करते हुए एक बात कही की आप मेरा चेहरा देखकर कांग्रेस प्रत्याशी को जीत दिलाएं जिस पर सवाल यह उठता है क्या सांसद जी को भी बैकुंठपुर के कांग्रेस प्रत्याशी पर भरोसा नहीं है? जिस वजह से वह अपने चेहरे पर बैकुंठपुर प्रत्याशी के लिए वोट मांग रही हैं? क्या कांग्रेस प्रत्याशी का चेहरा कहीं ना कहीं विवादों से घिरा हुआ है जिस वजह से उन्हें यह बात बोलना पड़ा? पटना क्षेत्र के लोग सांसद को पहली बार अपने सामने देखकर सबसे पहले उन्हे पहचानने में लगे रहे वहीं उन्होंने प्रत्याशी के समर्थन में मतदान की अपील करते हुए कहा की प्रत्याशी की जगह उनका चेहरा देखकर प्रत्याशी को जिताना है, इस पर कुछ लोग चुटकियां भी लेते सुने गए और उनका कहना था सांसद को ही जब पहली बार देख रहे हैं तो उनका चेहरा कैसे देखकर मतदान करें जबकि उनका चेहरा ही याद नहीं वहीं यह भी बात लोगों के बीच से सामने आई की क्या सांसद मान चुकी हैं की कांग्रेस प्रत्याशी वर्तमान विधायक को अपने चेहरे अपने कार्यकाल के कारण जनता नहीं चुनने जा रही है। वैसे बता दें क्षेत्र से लोकसभा चुनाव में वर्तमान सांसद खुद कई हजार मतों से पीछे रह चुकी हैं और ऐसे में क्या वह अपना चेहरा सामने रखकर उसी तरह का समर्थन मांग रही हैं। उन्होंने पुराना चावल नया चावल की भी परिभाषा दी, उन्होंने कहा की पुराना चावल गीला नहीं होता नया गिला होता है इसलिए पुराना चुनना है नया नहीं, इसपर भी लोगों की प्रतिक्रिया आई की ऐसे में क्या वह क्या कहना चाहती हैं समझ में नहीं आया क्योंकि माना जाता है की चावल जितना पुराना होता है वह उतना गिला होने की प्रवृति छोड़ देता है ऐसे में क्या वह कितना पुराना चुनने को कह गईं कहीं पुराने वाले की तरफ तो उनका इशारा नहीं था।



**शासन काल में जितनी भीड़ बैकुंठपुर आने पर रेस्ट हाउस में होती थी उतनी भीड़ भी नहीं दिखी आम सभा में**

**कुछ सैकड़े की भीड़ में हुई सभा,नामांकन रैली से उत्साहित प्रत्याशी एवम उनके समर्थकों को देखा गया काफी मायूस**



-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,03 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

बैकुंठपुर की कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन रैली और आमसभा में नहीं पहुंच सके छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष उनकी धर्मपत्नी साथ ही क्षेत्र की सांसद दोनों साथ पहुंचे साथ ही जिन्हे कोरिया जिले का विभाजनकारी लगातार बताया जा रहा है उनकी आमसभा गुरुवार को पटना करजी ग्राउंड में आयोजित हुई, आमसभा में जुटी या कहें जुटाई गई भीड़ यह साबित कर गई की कहीं न कहीं विधानसभा अध्यक्ष साथ ही सांसद का जिले में अब वह असर नहीं रह गया है जो हुआ करता था क्योंकि अब लोग उन्हे जिले का विभाजनकारी कहीं न कहीं मानकर चल रहे हैं और उनसे नाराज नजर आ रहे हैं। गुरुवार को करजी ग्राउंड में विधानसभा अध्यक्ष सांसद जब बैकुंठपुर की कांग्रेस प्रत्याशी वर्तमान विधायक के समर्थन में आमसभा करने पहुंचे तब उपस्थित लोगों की संख्या देखकर यही अंदाजा लगाया गया की कोरिया का विभाजन लोगों के मन में कहीं न कहीं घर कर गया है और लोग इसका कारण विधानसभा अध्यक्ष को ही मानते हैं और वह मानते हैं की उन्होंने कोरिया के भविष्य का कहीं न कहीं अंत कर दिया। कोरिया जिले के हिस्से में विभाजन के बाद जो हिस्सा आया उससे दुगना हिस्सा नए जिले को मिला और यही कारण है की लोग नाराज हैं।

### क्या झूठ बोलकर चले गए विधानसभा अध्यक्ष ?

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा की उनका पहला चुनावी सभा बैकुंठपुर विधानसभा में हुआ है,यह कहीं झूठ तो नहीं कह गए विधानसभा अध्यक्ष,उन्होंने भरतपुर सोनहत सहित मनेंद्रगढ़ में नामांकन के दौरान रैली को संबोधित किया था और उसे चुनावी सभा ही कहा जा सकता है।

### क्षेत्र की सांसद को देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ पटना क्षेत्र के लोगों को

क्षेत्र की सांसद भी मंच पर मौजूद रहीं उद्बोधन भी दिया। क्षेत्र के लोगों ने भले ही चुनाव के समय अपने सांसद को देखने का सौभाग्य प्राप्त किया जिससे वह उत्साहित दिखे और आपस में बात भी करते देखे गए की आखिरी बार कब उनका आगमन हुआ था यह तो याद नहीं इस बार का उनका आगमन याद रहेगा।

### वेदांती तिवारी पर कटाक्ष करना नहीं भूले विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कांग्रेस के बैकुंठपुर विधानसभा से प्रबल दावेदार सर्वे में सबसे ऊपर रहने वाले वेदांती तिवारी पर भी कटाक्ष करना नहीं भूले, उन्होंने बातों ही बातों में उन्हे यह एहसाह करा दिया की उन्हे पार्टी ने दो बार मौका दिया और वह जीत दर्ज नहीं कर सके। विधानसभा अध्यक्ष की वेदांती तिवारी को लेकर की गई बात पर वेदांती तिवारी समर्थक नाराज दिखे उनका कहना है की यह कहना शायद जरूरी नहीं था। जबकि वह वर्तमान प्रत्याशी के लिए वोट की अपील करने आए थे।

### भरतपुर सोनहत विधायक साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी को पहले ही दे चुके हैं लालबत्ती का आशीर्वाद

विधानसभा अध्यक्ष लालबत्ती बांटने में माहिर हैं यह इस बात से भी समझा जा सकता है की उन्होंने पहले ही भरतपुर सोनहत विधायक साथ ही प्रत्याशी को लालबत्ती का आशीर्वाद दे दिया है। अब बैकुंठपुर से कांग्रेस प्रत्याशी को भी लालबत्ती वह देकर चले गए इस तरह 12 से 13 मंत्रीमंडल सदस्यों में दो लालबत्ती विभाजित कोरिया जिले में ही वह दे गए जबकि अभी पूरा प्रदेश बाकी है।

### वरिष्ठ कांग्रेसियों सहित प्रबल दावेदारों को मंच पर बैठाया गया सबसे किनारे,जोगी कांग्रेस से आए नेताओं ने यहां भी मंच किया हाइजैक

- मंच पर यह भी देखने को मिला की जो कांग्रेस नेता टिकट के दावेदार थे उन्हे मंच पर सबसे किनारे की जगह दी गई,जोगी कांग्रेस से कांग्रेस में शामिल लोगों ने मंच को हाइजैक किए रखा यह देखने को मिला,जिला पंचायत उपाध्यक्ष टिकट के प्रबल दावेदार पीसीसी सदस्य वेदांती तिवारी,वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ला मंच पर किनारे बैठाए देखे गए।

### क्या बैकुंठपुर विधानसभा में कांग्रेस परिवारवाद की राजनीति ही करने वाली है,विधानसभा अध्यक्ष के बयान से उठे सवाल

विधानसभा अध्यक्ष ने यह भी कहा की स्व कोरिया कुमार की भतीजी हैं और उन्होंने अंतिम समय में अपनी भतीजी के लिए उनकी जिम्मेदारी उन्हे दी थी, अब उन्हे आगे बढ़ाना उन्हे जीत दिलाना मेरी जिम्मेदारी है,ऐसा कहकर उन्होंने यह भी साबित किया की एक तरह से वह परिवारवाद की बात कर रहे हैं। कुल मिलाकर कांग्रेस बैकुंठपुर विधानसभा में परिवारवाद के सहारे ही राजनीति करने वाली है यह सवाल भी उठने लगा है।

### विधानसभा अध्यक्ष का उद्बोधन,लाल बत्ती बांटकर जाने वाला हुआ साबित

विधानसभा अध्यक्ष ने जो उद्बोधन दिया यदि उसका पूरा संदेश समझा जाए तो यही निष्कर्ष निकला की वह लाल बत्ती लेकर आए थे और बांटकर चले गए, कहा भी जाता है उनको लेकर की वह असंतुष्ट स्थिति का आंकलन जब कर लेते हैं अपने झोले से लालबत्ती निकालते हैं जो ढेर सारा वह लेकर चलते हैं उनका यह पुराना अंदाज है, जब उन्हे किसी को मनाना होता है या किसी के लिए समर्थन जुटाना होता है वह अपना झोला निकालते हैं और लालबत्ती बांटना शुरू करते हैं, पटना में भी उन्होंने यही किया उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी को लालबत्ती जितने से पहले दे दिया और उन्हे मंत्री बनने का आशीर्वाद देकर जनता के सामने चले गए। मंत्री का प्रलोभन जनता के लिए था यह कांग्रेसी ही कहते सुने गए उनका भी मानना है की उनके झोले में लालबत्ती असंख्य है वह पहले भी बांटते थे आज भी बांटकर चले गए लेकिन उन्होंने आज तक जिसे कहा उसे शायद ही लालबत्ती मिला हो।

### वर्तमान विधायक कांग्रेस प्रत्याशी पर भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं उनके नाम से कोई किया हो बात अलग है, यह कहकर भी पेंच फंसा गए महंत

विधानसभा अध्यक्ष महंत ने कहा की वर्तमान विधायक साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी का कार्यकाल बेदाग रहा है उनके ऊपर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है,उन्होंने आगे एक बात कहकर बात में पेंच फंसा दी वह यह की विधायक साथ ही वर्तमान प्रत्याशी ने तो भ्रष्टाचार नहीं किया उनके नाम से कोई किया हो तो अलग बात है,कुल मिलाकर इसे लोगों ने ऐसे समझा की भ्रष्टाचार हुआ जरूर यह खुद विधानसभा अध्यक्ष ने मान लिया ठीकरा दूसरों पर फोड़ दिया।

### बैकुंठपुर से कांग्रेस प्रत्याशी के लिए पहले पहुंचे स्टार प्रचारक विधानसभा अध्यक्ष साथ ही सांसद का पहला ही कार्यक्रम साबित हुआ फ्लॉप शो

बैकुंठपुर से कांग्रेस प्रत्याशी के लिए विधानसभा अध्यक्ष साथ ही क्षेत्र की सांसद का पहला कार्यक्रम जो उनके समर्थन में मतदान की अपील करने के लिए आयोजित थी वह फ्लॉप शो साबित हुई, स्टार प्रचारक बतौर विधानसभा अध्यक्ष के लिए भी यह काफी खराब अनुभव रहा। स्टार प्रचारक की आमसभा में भीड़ नहीं जुटना साबित करता है की जनता फिलहाल शांत है वहीं कम से कम वह कोरिया जिले के विभाजन का कारण बने किस व्यक्ति को सुनना कतई पसंद नहीं करती। पहले ही आमसभा में भीड़ की संख्या नगण्य दिखने से आगे की सभाओं के लिए भी अब सोचने वाली स्थिति है कांग्रेस के लिए क्योंकि आगाज ही जब कमजोर साबित हुआ अंजाम का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### कांग्रेस प्रत्याशी की नामांकन रैली में जुटाई गई भीड़ से उत्साहित थे विधायक प्रत्याशी समर्थक,विधानसभा अध्यक्ष सांसद के कार्यक्रम में लोगों के नहीं पहुंचने से वह भी हुए मायूस

विधायक के वह समर्थक खासे उदास नजर आए जिन्होंने काफी मशक्कत कर कांग्रेस प्रत्याशी वर्तमान विधायक की नामांकन रैली में किसी तरह अच्छी भीड़ जुटाई थी,विधानसभा अध्यक्ष सांसद के कार्यक्रम में भी भीड़ जुटाने का जिम्मा उन्हीं का था लेकिन इस बार लोग नहीं पहुंचे और इसके पीछे की वजह यह मानी जा रही है की नामांकन दिवस गाड़ी में तेल और नाश्ते पानी की व्यवस्था थी इसलिए भीड़ जुट गई थी लेकिन आमसभा में खुद आने और अपना खर्च करके आने से लोग बचते नजर आए।

### विधानसभा अध्यक्ष सांसद के पटना करजी ग्राउंड में आयोजित सभा में स्कूली बच्चों की भी दिखी संख्या, उनको जोड़कर भीड़ पहुंची कुछ हद तक कई सैकड़ों में

पटना के करजी स्कूल ग्राउंड में विधानसभा अध्यक्ष सांसद की आमसभा हुई,आमसभा में आम लोग तो नजर नहीं आए लेकिन स्कूली बच्चे जरूर नजर आए। स्कूली बच्चों की संख्या से सभा की कुछ इज्जत बच गई वरना सैकड़ा भी पार बमुश्किल हो पाता।वैसे विधानसभा अध्यक्ष ने स्कूली बच्चों सहित शिक्षकों का भी उद्बोधन में जिक्र किया जो साबित करता है की भीड़ इतनी थी की लोग पहचाने जा सकते थे।

### आसपास तीन चार गांव मिलाकर ही है कई हजारों की जनसंख्या,फिर भी भीड़ नहीं पहुंच सकी चार अंको के आंकड़े तक

पटना की बात की जाए वहीं करजी ग्राउंड की बात की जाए तो इसके आसपास तीन चार गांव ऐसे हैं जहां से लोग पैदल भी आ सकते थे और इन गांवों की संख्या सभी की जोड़कर लगभग 7 हजार के आसपास है फिर भी आमसभा के हजार का आंकड़ा पार नहीं हुआ,कुल मिलाकर विधानसभा अध्यक्ष जो स्टार प्रचारक बनकर पहुंचे थे उन्हे भीड़ देखकर ही अंदाजा हो गया होगा की स्थिति फिलहाल कैसी है।

### अंबिका सिंहदेव अन्य दावेदारों से मजबूत सभी मेहनत करेंगे तो वह जीत जाएंगी,यह चर्चा हुई राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित राहुल गांधी सोनिया गांधी से,महंत

विधानसभा अध्यक्ष ने यह भी कहा की टिकट के कई दावेदार होते हैं यहां के दावेदार तो मुझसे दूर वाले थे मेरी जेब वाले भी दावेदार थे, उन्होंने यह भी कहा की अंबिका सिंहदेव को लेकर एक ही बात राष्ट्रीय अध्यक्ष, सोनिया गांधी राहुल गांधी से हुई की वही मजबूत हैं सभी मेहनत करेंगे तो वह जीत ही जाएंगी।

# भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे अभिनेता रवि किशन



-अरविन्द द्विवेदी-
अनूपपुर,03 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)। विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा तय किए गए स्टार प्रचारक सुपरस्टार भोजपुरी फिल्म अभिनेता लोकसभा क्षेत्र गोरखपुर के लोकसभा सांसद रवि किशन का आगमन 6 नवंबर 2023 को प्रातः 11:00 बजे हेलीकॉप्टर के माध्यम से जमुना कॉलरी में हो रहा है जिनके द्वारा जमुना कॉलरी स्थित दुर्गा पंडाल में प्रातः 11:00 से 2: 00 बजे तक अनूपपुर विधानसभा प्रत्याशी बिसाहूलाल सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 2:20 बजे जमुना कॉलरी से हेलीकॉप्टर के माध्यम से राजनगर के लिए प्रस्थान करेंगे जहां पर थाना के पीछे दुर्गा पंडाल मैदान में 2:20 से 3:20 बजे तक कोतमा विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी दिलीप जायसवाल के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे और जनता का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे व इसके पश्चात उमरिया जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।भाजपा जिला अध्यक्ष रामदास पुरी ने भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी तथा क्षेत्र की जनता से अपेक्षा किया है कि अधिक से अधिक संख्या में निर्धारित कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को विजयश्री दिलाए। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह द्वारा दी गई।

# शासकीय स्कूल ग्राउंड में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में विधानसभा अध्यक्ष सहित सांसद की आमसभा को भाजपा नेता ने बताया आचार संहिता का उलंघन

## स्कूली बच्चों के सभा में उपस्थिति को लेकर भी कहा,स्कूली बच्चों के माध्यम से भीड़ जुटाने का किया गया प्रयास

## पटना के करजी स्कूल ग्राउंड में विधानसभा अध्यक्ष सहित सांसद की आमसभा सोची समझी रणनीति,अनिल जायसवाल भाजपा नेता

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,03 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)। भाजपा नेता अनिल जायसवाल ने विधानसभा अध्यक्ष सहित क्षेत्रीय सांसद के पटना के करजी शासकीय स्कूल ग्राउंड में आयोजित कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष के आयोजित आमसभा को आचार संहिता का उलंघन बताया है और मामले में चुनाव आयोग से मामले में संज्ञान लेकर कार्यवाही करने की मांग की है,भाजपा नेता अनिल जायसवाल ने कहा है की बैकुंठपुर से कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने विधानसभा अध्यक्ष और क्षेत्र की सांसद पटना के करजी शासकीय स्कूल ग्राउंड पहुंचे थे उन्होंने स्कूल ग्राउंड में ही आमसभा की और प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की उन्होंने अपील की जबकि यह आचार संहिता का खुला उलंघन है यदि अनुमति नहीं ली गई है तो वहीं यदि अनुमति ली गई तो शासकीय स्कूल ग्राउंड में अनुमति किसने दी यह भी गंभीर विषय है और चुनाव आयोग को मामले में संज्ञान लेकर कार्यवाही करने की जरूरत है क्योंकि शासकीय स्कूल ग्राउंड में वह भी स्कूल दिवस आचार संहिता लगने के दौरान किसी राजनीतिक दल की आमसभा खासकर सत्ताधारी दल की आमसभा कई शंकाओं को जन्म देती है और इसे एक प्रकार से अपनी सरकार की योजनाओं का प्रचार



माना जा सकता है।

बता दें की करजी के जिस शासकीय स्कूल ग्राउंड में विधानसभा अध्यक्ष सहित सांसद कांग्रेस प्रत्याशी के लिए आमसभा करने पहुंचे वह वर्तमान सरकार की योजना अंतर्गत संचालित आत्मानंद अंग्रेजी हिंदी स्कूल ग्राउंड है और वहां ग्राउंड में ही स्कूल भी संचालित है वहीं भाजपा नेता अनिल जायसवाल का कहना है की विधानसभा अध्यक्ष और सांसद का करजी स्कूल ग्राउंड में आना कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करना सुनियोजित था और उन्हे इसका फायदा मिल सके इसलिए उन्होंने ऐसा किया क्योंकि जिस समय आमसभा आयोजित हुई उस समय एक पाली की छुट्टी होनी था वहीं दूसरी पाली के के स्कूल संचालित होना था और इस समय पलकों का भी स्कूल में आना स्वाभाविक होता है और इसीलिए वहीं कार्यक्रम आयोजित किया गया। अनिल जायसवाल ने मामले में चुनाव आयोग का ध्यान आकृष्ट कराया है और कहा है की वह मामले में उचित कार्यवाही करे और इस मामले में संज्ञान ले।

### स्कूली बच्चे भी नजर आए आमसभा में

विधानसभा अध्यक्ष सहित सांसद की आमसभा में स्कूली बच्चे भी नजर आए जिसकी तस्वीर भी सामने आई है। बच्चे कैसे पहुंचे सभा स्थल तक यह सवाल उतना बड़ा नहीं है क्योंकि स्कूल का समय था वह भी एक पाली की छुट्टी हुई थी दूसरी पाली लगने वाली थी लेकिन स्कूल कैंपस में शासकीय स्कूल कैम्पस में राजनीतिक कार्यक्रम आमसभा वह भी आचार संहिता के दौरान इसको लेकर भाजपा नेता की आपत्ति सामने आई है।

### विधानसभा अध्यक्ष ने शासन के द्वारा अंग्रेजी स्कूल खोलने की बात भी की गई मंच से,जबकि वह उसी स्कूल कैंपस में मौजूद थे जो अंग्रेजी स्कूल शासन ने खोला है,यह प्रचार का मामला है,अनिल जायसवाल

अनिल जायसवाल ने कहा की विधानसभा अध्यक्ष सहित सांसद का करजी स्कूल में आमसभा करना कोई संयोग नहीं है और न ही ऐसा माना जा सकता है की यह कार्यक्रम के लिए निर्धारित जगह है,कार्यक्रम उसी स्कूल कैंपस ग्राउंड में किया गया जहां शासन या वर्तमान सरकार का अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोला गया है वहीं विधानसभा अध्यक्ष ने अंग्रेजी स्कूलों की बात भी की यह साबित करता है वह वहां पहुंचकर स्कूल दिखाकर प्रचार करना चाह रहे थे जो वह करके चले गए।

### भीड़ जुटाने में असफल हुए कांग्रेसी,गिने चुने लोगों के बीच ही हुई आमसभा-

अनिल जायसवाल ने यह भी कहा की कांग्रेस कार्यकर्ता भीड़ जुटा पाने में असफल रहे,उनके बड़े नेता के कार्यक्रम में पूरा कोरिया जिला इक्कट्ठा किया गया फिर भी हजार की संख्या नहीं छू पाए कार्यकर्ता,अनिल जायसवाल ने यह भी कहा की यदि स्कूली बच्चे उनके अभिभावक और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को छोड़ दिया जाए तो उपस्थित लोगों की संख्या दहाई में भी नहीं थी जो कार्यकर्ताओं के द्वारा जुटाई जानी थी।

# कोरबा जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों से 51 अभ्यर्थी होंगे मैदान में

-संवाददाता-
कोरबा,03 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु कोरबा जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों हेतु नाम वापसी पश्चात कुल 51 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में उतर चुके हैं। विधानसभा रामपुर से 09 कोरबा से 18 कटघोरा से 14 एवं विधानसभा पाली-तानाखार से 09 अभ्यर्थी अपनी किस्मत आजमाएंगे।अभ्यर्थियों को संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रतीक चिन्ह भी आवंटित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्रवार निर्वाचन में भाग लेने वाले अभ्यर्थी, पार्टी का नाम एवं उन्हें आबंटित प्रतीक चिन्ह का विवरण इस प्रकार है ।

**विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 20 रामपुर-** जगत राम राठिया-बहुजन समाज पार्टी-हाथी, ननकी राम कंवर-भारतीय जनता पार्टी-कमल, फूल सिंह राठिया-इंडियन नेशनल कांग्रेस-हाथ, बालमुकुंद राठिया-जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़(जे)-वर्ग में हल जोतता किसान, अलेक्जेंडर टोप्पो-जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी-छड़ी, कन्हैया आनंद कंवर-हमर राज पार्टी-बाल्टी, बिरेश्वर कंवर- निर्दलीय-स्पैनर, धनवार वेदलाल वनवासी- निर्दलीय-बैटरी टॉर्च, रामदयाल उरांव -निर्दलीय-ट्रक।

**विधानसभा क्षेत्र क्र. 21 कोरबा-** जयसिंह अग्रवाल-इंडियन नेशनल कांग्रेस-हाथ, धनंजय सिंह चंद्रा-बहुजन समाज पार्टी-हाथी, पुरन लाल साहू-जनता कॉग्रेस छत्तीसगढ- वर्ग में हल जोतता किसान, लखनलाल देवांगन-भारतीय जनता पार्टी-कमल, इंजीनियर विशाल केलकर-आम आदमी पार्टी-झाड़ू, अब्दुल नफीश खान 'अधिवक्ता'-गणा सुरक्षा पार्टी-बैटरी टॉर्च, मदन लाल चंद्रा-बलीराजा पार्टी-गैस सिलेण्डर, योगेश साहू-पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया(डेमोक्रेटिक)- स्कूल का बस्ता, रणबीर आदिले-जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी-छड़ी, राजकुमार दुबे-लोक जन शक्ति पार्टी(राम विलास)-हेलीकॉप्टर, सुनील कुमार तायल-भारतीय शक्ति चेतना पार्टी-बांसुरी, सुनील सिंह-कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया-बाल और हंसिया, राजेश कुमार पांडेय-निर्दलीय-कांच का गिलास, घनश्याम चंद्रा गांधी-निर्दलीय-माचिस की डिब्बी, लखन लाल देवांगन-निर्दलीय-पानी का जहाज, प्रवीण मसीह-निर्दलीय-एयर कंडीस्नर, मिर्जा मुस्ताक अहमद-निर्दलीय-फुटबॉल, अंकित अग्रवाल-निर्दलीय-बल्ला तथा सिमॉन फ्रान्सीश-निर्दलीय-बल्लेबाज।

**विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-22 कटघोरा-** चंद्रकांत डिक्सेना-आम आदमी पार्टी-झाडू, जवाहर सिंह कंवर-कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्कसिस्ट)-हथोड़ा, हंसिया, सितारा, पुरुषोत्तम कंवर- इंडियन नेशनल कांग्रेस-हाथ, प्रेमचंद पटेल-भारतीय जनता पार्टी-कमल, इंजीनियर सत्यजीत कुर्रे-बहुजन समाज पार्टी-हाथी, सपुरन कुलदीप- जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे)-वर्ग में हल जोतता किसान, कल्याण सिंह तंवर-छत्तीसगढ़िया पार्टी-गैस सिलेण्डर, दिलीप कंवर (डी. के. सरजाल)-आम्बेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया-कोट, भुवनेश्वर सिंह श्रोते-गोंडवाना गणतंत्र पार्टी-आरी, मिलन दास दीवान-गणा सुरक्षा पार्टी-बैटरी टॉर्च, सुरेंद्र राठौर (सोनू भैया)-जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी-छड़ी, रविन्द्र महंत-निर्दलीय-कांच का गिलास, अजय सिंह-निर्दलीय-हॉकी और बॉल, सुदामा राम-निर्दलीय-बांसुरी।

**विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 23 पाली-तानाखार-** उइके रामदयाल -भारतीय जनता पार्टी-कमल, छत्रपाल सिंह कंवर- जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे)-वर्ग में हल जोतता किसान, श्रीमती दुलेश्वरी सिदार- इंडियन नेशनल कांग्रेस-हाथ, तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम-गोंडवाना गणतंत्र पार्टी-आरी, देवराज सिंह मरकाम-छत्तीसगढ़िया पार्टी-गैस सिलेण्डर, बाबू सिंह कंवर- निर्दलीय-चारपाई, छवि राज-निर्दलीय-बैटरी टॉर्च, आनंद कुमार तंवर-निर्दलीय-टीलर, शिवरात पैकरा (कंवर)-निर्दलीय-छड़ी।

**पांच अभ्यर्थियों ने लिया नाम वापस-** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के चारों विधानसभा से कुल पांच अभ्यर्थियों ने अपना नाम वापिस लिया। इनमें विधानसभा क्षेत्र रामपुर से श्रीमती सुनीता देवी कंवर-निर्दलीय, कोरबा से सेवक राम अंचल (अंचल भैया)-निर्दलीय, रज्जाक अली-निर्दलीय, शेरे हक़-निर्दलीय और कटघोरा से रवि कुमार रजक-निर्दलीय शामिल हैं।

# भाजपा चुनाव संचालक के भाई अनिल चावलानी कांग्रेस में शामिल



-संवाददाता-
कोरबा,03 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)। मतदान के ठीक पहले भाजपा को झटका लग गया है। बीजेपी ने कोरबा विधानसभा में चुनाव संचालक का दायित्व पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक चावलानी को सौंपा है। जिसे बीजेपी ने कोरबा विधानसभा में अहम दायित्व सौंपा है, उन्हीं के सगे भाई ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। अशोक चावलानी के सगे भाई अनिल चावलानी ने राजस्व मंत्री जयसिंह के कार्यो से प्रभावित होकर उनके कार्यालय में कांग्रेस की सदस्य ले ली। जयसिंह ने उनका स्वागत किया और कहा कि कांग्रेस प्रत्येक व्यक्ति के हितों का ध्यान रखती है। अशोक चावलानी के भाई अनिल चावलानी ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। अनिल का कहना है कि उनकी विचारधारा भाजपा से मेल नहीं खाती है,मेरी विचारधारा कांग्रेस की रही है। भाजपा से मेरे विचार मेल नहीं खाते। भाजपा के नेता किसी काम को करने के पहले 10 बार सोचते हैं। जबकि जयसिंह अग्रवाल के घर से कोई खाली हाथ नहीं लौटता। वह सब का काम समान भावना के साथ पूरा करते हैं। मेरे भाई बीजेपी प्रत्याशी के चुनाव संचालक हैं। वह जिला अध्यक्ष भी रहे हैं। लेकिन इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरी विचारधारा उनसे अलग है। मेरी विचारधारा कांग्रेस से मेल खाती है। इस बार बीजेपी के प्रत्याशी का भविष्य भी ठीक नहीं है। एक हारे हुए प्रत्याशी हैं, जिसे संगठन ने कटघोरा से कोरबा भेज दिया है। वह कहीं भी मुकाबले में नहीं है। कोरबा विधानसभा में जो काम हुए हैं। वह ऐतिहासिक है। सिंधी समाज के प्रति जयसिंह अग्रवाल ने जो काम किया है, उससे भी मैं बेहद प्रभावित रहा हूं। यही सब सोचकर मैंने कांग्रेस प्रवेश किया और आगे हम कांग्रेस के पक्ष में ही काम करेंगे। वह अलग विषय है कि छोटे भाई जिला अध्यक्ष रहे हैं और चुनाव संचालन कर रहे हैं।

# न्यायालय की अवमानना करने वालों पर क्यों मेहरबान है प्रशासनिक अधिकारी व निर्वाचन आयोग...कब लेगा मामले में संज्ञान?

-रवि सिंह-
मनेन्द्रगढ़,03 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)। श्री राम मंदिर प्रांगण को स्थगन आदेश के उपरांत भी व्यावसायिक प्रयोजन हेतु किराये पर दिये जाने के संबंध में आपत्ति दर्ज कराने पर कलेक्टर ने एस डी ओ को संक्षिप्त जाँच कर निरस्त करने को निर्देशित किया है लेकिन लगता है कलेक्टर के निर्देश की मातहत कर्मचारियों को कोई परवाह नहीं है इसलिए अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

इस सम्बन्ध में शिवम आ. राकेश, उम्र 25 साल, निवासी- वार्ड नं. 05 मौहारपारा मनेन्द्रगढ़, तहसील- मनेन्द्रगढ़, जिला एमसीबी छ.ग. ने कलेक्टर एमसीबी को ज्ञापन सौपते बताया कि श्रीराम मंदिर परिसर में निर्मित प्रांगण का मंदिर के ट्रस्टी एवं पुजारी के मध्य विवाद चल रहा है, विवाद के कारण उक्त प्रांगण में माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महोदय मनेन्द्रगढ, जिला- एमसीबी छ.ग. के द्वारा स्थगन आदेश जारी कर यथास्थिति बनाये रखने का आदेश जारी किया गया था, परन्तु स्थगन आदेश के उपरांत भी माननीय न्यायालय के आदेश की अवमानना करते हुए नगरपालिका परिषद द्वारा विवादित प्रांगण को फर्नीचर विक्रय हेतु वकील




फर्नीचर मार्ट मनेन्द्रगढ़ को किराये पर दे दिया है जो विधि विरूद्ध है, साथ ही पूर्व में भी दिनांक 28.10.2021 को कार्यालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी मनेन्द्रगढ़ के द्वारा राम मंदिर परिसर में फर्नीचर के प्रदर्शनी एवं विक्रय को बंद करने का आदेश जारी किया गया था जिसकी छायाप्रति इस आवेदन पत्र के साथ संलग्न है। शिकायतकर्ता ने निवेदन करते हुए मांग की है की विधि विरूद्ध तरीके से स्थगन आदेश के उपरांत भी राम मंदिर परिसर में निर्मित प्रांगण को बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति के व्यवसाय हेतु किराये पर दिया गया है जिस पर रोक लगाते हुए तत्काल प्रभाव से व्यवसाय को बंद कराकर सामान को जप्त किया जाये।

# लावारिस हालत में पड़े होंडा कंपनी के 13 नए टू-व्हीलरों को कुसमुंडा पुलिस ने किया जप्त

-संवाददाता-
कोरबा,03 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)। जिला पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर अवैध गतिविधियों पर रोकने हेतु दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन दिए गए थे, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रॉबिंसन गुड़िया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कुसमुंडा कृष्ण कुमार वर्मा के नेतृत्व में दिनांक 02.11.2023 को शाम वाहन चेकिंग के दौरान कुचेना कुसमुंडा क्षेत्र में 04 नग नया होण्डा साईन 125 सीसी मोटर सायकल, 04 नग नया होण्डा साईन 100



सीसी मोटर सायकल, 05 नग नया होण्डा एक्टिवा स्कूटी मिला कीमत लगभग 13,00,000 रुपये है, जो लावारिस हालत में मिला । पुलिस ने उक्त टूव्हीलरों को चोरी का माल होने के संदेह पर मौके पर धारा 102 जा.फौ. में जप्त कर कब्जा पुलिस लिया है। जप्त शुदा 04 नग नया होण्डा साईन 125 सीसी मोटर सायकल, 04 नग नया होण्डा साईन 100 सीसी मोटर सायकल, 05 नग नया होण्डा एक्टिवा स्कूटी कीमत लगभग 13,00,000 रुपये है को इस्तगासा क्रमांक 10/2023 धारा 102 जा. फौ. कायम कर विवेचना में लिया गया है । उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक कृष्ण कुमार वर्मा, स.उ.नि. संतराम सिन्हा, प्रधान आरक्षक, आरक्षक 828 जशपाल सिंह, आरक्षक 165 सुरेश कैवर्त, आरक्षक 305 मदन जायसवाल, आरक्षक 819 पुष्पेंद्र साहू, आरक्षक 716 खगेश्वर साहू की भूमिका रही।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा.),सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0/ /अ-2/2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-पोड़ी को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शिवकुमार कुमार अग्रवाल पिता स्व0 निरंजन लाल अग्रवाल, जाति-अग्रवाल, निवासी ग्राम-सूरजपुर,तहसील-सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा उनके स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-तिलसिवां, प.ह.नं.-07, रा.नि.मं.,-पचिरा, तहसील-सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ0ग0) स्थित भूमि खसरा क्र. 2/5 रकबा 0.283 हे0 में से 0.120 हे0 भूमि को औद्योगिक प्रयोजन के लिये भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में ग्राम-पोड़ी के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 14/11/2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उसके पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा

आज दिनांक 30/10/2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

विशेष कर्तव्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन,
सूरजपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा.),सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0/ /अ-2/2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-पोड़ी को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शिवकुमार कुमार अग्रवाल पिता स्व0 निरंजन लाल अग्रवाल, जाति-अग्रवाल, निवासी ग्राम-सूरजपुर,तहसील-सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा उनके स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-पोड़ी, प.ह.नं.-016, रा.नि.मं.,-पचिरा, तहसील-सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ0ग0) स्थित भूमि खसरा क्र. 1097 रकबा 1.380 हे0 में से 0.400 हे0 भूमि को औद्योगिक प्रयोजन के लिये भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में ग्राम-पोड़ी के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 14/11/2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उसके पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा

आज दिनांक 30/10/2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

विशेष कर्तव्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन,
सूरजपुर



## सौंदर्या प्रधान का गर्मजोशी से स्वागत

**भुवनेश्वर,03 नवम्बर 2023।** चीन के हांगझू में चौथे एशियाई पैरा खेलों में दो पदक जीतने वाले भारतीय पैरा शतरंज खिलाड़ी सौंदर्य कुमार प्रधान का शुक्रवार को भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

सौंदर्या का स्वागत मालाओं और फूलों के गुलदस्तों से किया गया। उनके स्वागत के लिए कई प्रशंसक भी तख्तियां और ढोल लेकर हवाईअड्डे पर एकत्र हुए थे।

सौंदर्या ने पैरा एशियाई खेलों में दो पदक जीते, जिसमें हांग्जो, चीन में टीम रैपिड व्हीआई बी1 शतरंज स्पर्धा और व्यक्तिगत रैपिड व्ही आई बी1 में स्वर्ण पदक शामिल था।

टीम स्पर्धा में सौंदर्या के नेतृत्व में टीम इंडिया ने संभावित 14 में से 11.5 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक जीता और दूसरे स्थान पर मौजूद ईरान से 2 अंक आगे रही। भारत ने टीम स्पर्धा में टीम स्वर्ण जीतकर रैपिड प्रारूप में शानदार वापसी की।

व्यक्तिगत स्पर्धा में, भारतीय पैरा शतरंज खिलाड़ियों ने 7 राउंड में 5.5 अंक हासिल करके रजत पदक जीता, जिसमें 5 जीत और 1 ड्रॉ और एक हार शामिल थी। दूसरे राउंड में सौंदर्या वियतनाम की दिन्ह तुआन सोन से हार गई।

भारत ने अपने पैरा एशियाई खेलों के अभियान को कुल 111 पदकों के साथ समाप्त किया, जिसमें 29 स्वर्ण, 31 रजत और 51 कांस्य शामिल हैं।

भारत एथलेटिक्स में 18 स्वर्ण, 17 रजत और 20 कांस्य के साथ 55 पदक जीतकर पदक तालिका में पांचवें स्थान पर रहा।

भारत ने तीरंदाजी में दो स्वर्ण, तीन रजत और सात कांस्य पदक के साथ सात पदक जीते। भारत ने छह पैरा-शूटिंग पदक जीते, जिनमें से प्रत्येक में दो स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक शामिल हैं।

शतरंज में भारत ने दो स्वर्ण, एक रजत और पांच कांस्य पदक सहित आठ पदक जीते।

भारत ने पैरा-कैनो में एक स्वर्ण, रजत और दो कांस्य सहित चार पदक और पैरा-लिफ्टिंग में एक रजत और दो कांस्य सहित तीन पदक जीते। भारत ने पैरा-जूडो में एक रजत और कांस्य और पैरा टेबल-टेनिस में दो कांस्य पदक जीते।

## अर्जेंटीना के प्रबंधक गुस्तावो अल्फारो ने संभाला कोस्टारिका का कार्यभार

**सैन जोस,03 नवम्बर 2023।** मध्य अमेरिकी देश के फुटबॉल महासंघ ने कहा कि अर्जेंटीना के मैनेजर गुस्तावो अल्फारो को 2026 विश्व कप तक चलने वाले सौदे पर कोस्टा रिका की राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।



61 वर्षीय ने कोलंबियाई लुइस फर्नांडो सुआरेज की जगह ली है, जिन्हें खराब नतीजों के चलते जुलाई में बर्खास्त कर दिया गया था। फेडरेशन की वेबसाइट पर प्रकाशित एक बयान में अल्फारो ने कहा, ÷कोस्टा रिका टीम के साथ यह पद लेना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है और मैं अपना ईमानदारी से काम करने के लिए प्रेरित हूं।÷

पिछले साल कतर में विश्व कप के बाद इक्वाडोर से अलग होने के बाद से अल्फारो के पास कोई काम नहीं है। लॉस टिकोस के प्रभारी उनका पहला गेम 16 नवंबर को सैन जोस में पनामा के खिलाफ कोओएनसीएसीएएफ नेशंस लीग क्वार्टर फाइनल का पहला चरण होगा। उन्होंने कहा, मैं लगभग एक साल से दोबारा कोचिंग का इंतजार कर रहा हूं और अब मेरे पास इस टीम का नेतृत्व करने का बड़ा सौभाग्य और जिम्मेदारी है।

# श्रेयस को मिला फील्डर ऑफ द मैच का पुरस्कार

## श्रीलंका के खिलाफ मैदान पर टीम का प्रदर्शन असाधारण से कम नहीं था

**मुंबई,03 नवम्बर 2023।** मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में वनडे विश्व कप 2023 के 33वें मैच में श्रीलंका के खिलाफ भारत की 302 रन की जीत के बाद, श्रेयस अय्यर ने 'फील्डर ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता। .

विजेता की घोषणा करते हुए 'मेन इन ब्लू' के फील्डिंग कोच टी दिलीप ने कहा कि श्रीलंका के खिलाफ मैदान पर टीम का प्रदर्शन असाधारण से कम नहीं था।

दिलीप ने रवींद्र जड़ेजा को 'साइलेंट स्नाइपर' कहा क्योंकि वह मैदान पर सबसे तेज़ नहीं हैं, लेकिन जब फेंकने और पकड़ने की बात आती है, तो वह सबसे आगे हैं।

मुझे लगता है कि यह एक झटका था, लेकिन जिस तरह से आप लोगों ने मैदान पर प्रदर्शन किया वह असाधारण से कम नहीं था। उन लोगों के लिए एक विशेष उल्लेख वास्तव में आज तेज धूप में, जिन लोगों ने वहां संघर्ष किया है, जब वे मैदान पर वापस आए, उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि वे उस तीव्रता को बनाए रखें। मुझे लगता है कि हमारे जीपीएस नेविगेटर प्रकारों में से एक, कप्तान के साथ काम करते हुए, यह सुनिश्चित करता है कि उसके पास सही जगह पर सही क्षेत्ररक्षक हैं। लेकिन साथ ही उन्होंने दोनों पक्षों का बाद में परीक्षण किया है, एक पक्ष को लेते हुए दाईं ओर और बाईं ओर एक तरफ ले जाना। उत्कृष्ट, केएल राहुल। और हम सभी जानते हैं कि हमारा सबसे अच्छा क्षेत्ररक्षक हमेशा उन शानदार कैच लेने के लिए इंतजार कर रहा है। मैं आपको बताऊंगा, मेरी सहज प्रवृत्ति कि वह आज वह कैच लेगा। वह रवींद्र जडेजा ने ऐसा कर दिखाया। मुझे लगता है कि अंतिम लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि वह उसे 'साइलेंट स्नाइपर' कहेंगे। वह मैदान पर सबसे तेज़ नहीं है, लेकिन जब फेंकने और पकड़ने की बात आती है, तो वह वहां से बाहर है,÷ दिलीप ने कहा.

टीम इंडिया ने विजेता की घोषणा करने के लिए सचिन तेंदुलकर को आमंत्रित किया, नाम का खुलासा करने से



पहले, महान भारतीय क्रिकेटर ने कहा कि 'फील्डर ऑफ द मैच' पुरस्कार उन्हें 2003 विश्व कप की याद दिलाता है जब वे एक चार्ट पर हस्ताक्षर करते थे जहां लिखा होता था 'मैं कर सकता हूं' , हम कर सकते हैं'।

तेंदुलकर ने रोहित शर्मा की टीम की भी प्रशंसा की और कहा कि उन्हें क्रिकेट का वह ब्रांड पसंद है जो उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक खेला है।

÷रोहित ने दूसरे दिन मुझसे मुलाकात की और मुझसे क्षेत्ररक्षण पदक, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक पदक के बारे में बात की। यह मुझे 2003 विश्व कप की याद दिला गया, 20 साल पहले जब हम दक्षिण अफ्रीका से खेल रहे थे। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले हमारे पास एक चार्ट था।' मैं कर सकता हूं, हम कर सकते हैं। प्रत्येक खिलाड़ी को जाने से पहले उस चार्ट पर हस्ताक्षर करना था। यह सब प्रतिबद्धता के बारे में था और मैं देश और टीम के लिए अपना 100त्न दूंगा और वर्तमान टीम भी यही कर रही है। क्षेत्ररक्षण में पदक। यह मेरे लिए आपकी प्रतिबद्धता, अपने सहकर्मी, अपनी टीम और देश के लिए कुछ करने की प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है। आपने अब तक जो क्रिकेट खेला है, वह मुझे बहुत पसंद आया। इसे देखना खुशी की बात है। सचिन तेंदुलकर ने कहा, शानदार लोग इस फॉर्म को जारी रखते हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के पिछले मैच में केएल राहुल को 'फील्डर ऑफ द मैच' मेडल मिला था।

मैच की बात करें तो भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कोरबोर्ड पर 357 रन लगाए. शुबमन गिल (92 गेंदों पर 92 रन) और विराट कोहली (94 गेंदों पर 88 रन) ने 189 रन की साझेदारी की. श्रेयस अय्यर ने मध्यक्रम का नेतृत्व किया और 82 रन की पारी खेली।

दूसरी पारी में लक्ष्य का बचाव करते हुए पहली ही गेंद पर जसप्रित बुमरा ने एक विकेट लिया।

मोहम्मद शमी के पांच विकेट की बदौलत भारत ने श्रीलंका को 55 रन पर आउट कर दिया। सिराज ने मैच में तीन विकेट हासिल किए. इस बीच, जडेजा और बुमराह ने अपने-अपने स्पैल में एक-एक विकेट लिया।

सात मैचों से अजेय क्रम जारी रखते हुए भारत अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर है।

'मेन इन ब्लू' रविवार को कोलकाता के ईडन गार्डन में अपने आगामी मैच में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा।

# केएम चंदा ने 800 मीटर में स्वर्ण पदक जीता

**पणजी,03 नवम्बर 2023।** दिल्ली की मध्यम दूरी की धाविका केएम चंदा हांग्जो एशियाई खेलों में पदक से चूकने से इतनी निराश थीं कि वह शीतनिद्रा में चली गई और उन्होंने अपने कोच से भी बात नहीं की कि चीन में क्या गलत हुआ।

22 वर्षीय खिलाड़ी ने नींद से बाहर निकलने और चीन में निराशा को पीछे छोड़ने के लिए यहां 37वें राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने का फैसला किया। उन्होंने इससे भी अधिक प्रदर्शन किया, 1500 मीटर स्पर्धा में रजत पदक जीता और फिर गुरुवार रात 2:01.74 सेकेंड के समय के साथ 800 मीटर में स्वर्ण पदक जीता।

मैंने सोचा कि मैं बाहर जाऊंगी और बेहतर महसूस करूंगी। मैं बस दिनचर्या से गुजर रहा हूं और ज्यादा जोर नहीं लगा रहा हूं। मैंने राष्ट्रीय खेलों को चीन में खराब प्रदर्शन से उबरने के अवसर के रूप में देखा।

मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूँ। मैं 1500 में स्वर्ण नहीं जीत पाने से निराश थी लेकिन 800 मीटर दौड़ में मैं आश्वस्त थी और यह प्रदर्शन में दिखा। लेकिन हांग्जो एशियाई खेलों की निराशा चंदा को अब भी परेशान करती है।उन्हें हांगझू में



महिलाओं की 800 मीटर स्पर्धा में पदक के दावेदारों में से एक माना जा रहा था। उनका व्यक्तिगत और सीज़न का सर्वश्रेष्ठ समय 2:01.58 सेकंड था। यह इस साल किसी भारतीय महिला धावक द्वारा किया गया सबसे तेज़ दौड़ था। लेकिन चीजें योजना के मुताबिक नहीं हुई और इसका उन पर मानसिक असर पड़ा।

फिर उसने एक पखवाड़े से अधिक समय तक खुद को कमरे में बंद कर लिया। उन्होंने कहा, ÷मैंने इस बारे में किसी से बात नहीं करना पसंद किया कि मैं एशियाई खेलों में पदक जीतने में कैसे असफल रही।÷

अपने हांग्जो एशियाई खेलों के अनुभव को याद करते हुए, चंदा ने कहा कि जैसे-जैसे दौड़ आगे बढ़ी, वह मध्यम दूरी की दौड़ की कठिन रणनीति के साथ तालमेल बिठाने में सक्षम नहीं हो पाई और पदक वर्ग से बाहर हो गई। मेरी ट्रेनिंग सही रास्ते पर थी। अच्छी तैयारी और चरम फिटनेस के बावजूद, मैं पदक नहीं जीत सकी। चौंक पड़ी मैं। यह अब भी मुझे बुरी तरह पीड़ा पहुँचाता है, उसने कहा।

मध्य दूरी की दौड़ में आंतरिक लेन के लिए धक्का-मुक्की सहित कठोर रणनीति आम है। चंदा ने कहा कि 800 मीटर फाइनल की शुरुआती लैप के दौरान उन्हें दो बार कोहनी लगी थी और अयोग्य घोषित होने के डर से उन्होंने जवाबी कार्रवाई नहीं की।

उन्होंने कहा, मैंने अन्य प्रतिस्पर्धियों को धक्का नहीं दिया क्योंकि मुझे दंड का सामना करने का डर था, उन्होंने कहा, अगर मुझे धक्का देने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया होता, तो यह मेरे लिए और भी बुरा होता। बॉक्सिंग से बचने के लिए, चंदा दूर भाग गई। हालाँकि, जैसे ही प्रतियोगियों ने फिनिश लाइन के लिए जोर लगाना शुरू किया, चंदा जवाब देने में सक्षम नहीं थी। मैं दौड़ पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पा रही था। मेरा शरीर सुन्न हो गया था. मैं सही समय पर आगे नहीं बढ़ पाई, चंदा ने कहा, जो कल्याण चौधरी के नेतृत्व में कोर ग्रूप के साथ बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण परिसर में अभ्यास करती हैं।

राष्ट्रीय खेलों के पदक ने उसका आत्मविश्वास वापस ला दिया है लेकिन अब वह अगले सत्र के लिए प्रशिक्षण से पहले कुछ समय आराम करना चाहती है। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, मैं एक सप्ताह का ब्रेक लूंगी और फिर अपने कोच से बात कर अगले साल की योजना बनाऊंगी।÷



## अपने घर पहुंचने के बाद शीतल देवी ने कहा

## मैंने कभी नहीं सोचा था कि वह यह मुकाम हासिल कर पाऊँगी

**जम्मू,03 नवम्बर 2023।** भारतीय तीरंदाज शीतल देवी चीन के हांगझू में चौथे एशियाई पैरा खेलों में तीन पदक जीतने के बाद जम्मू में अपने घर पहुंच गई हैं। पैरा तीरंदाज का एसएमवीडीएसबी के अध्यक्ष (उपराज्यपाल, जेके-यूटी) की ओर से उनके परिवार के सदस्यों और श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के उच्च अधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

प्रेस से बात करते हुए शीतल देवी ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह यह मुकाम हासिल कर पाएंगी. भारतीय तीरंदाज ने कहा कि उनके कोच ने उन्हें लगातार प्रेरित किया।

÷तीन पदक जीतने के बाद मुझे बहुत अच्छा महसूस हुआ। जब मैंने तीरंदाजी शुरू की, तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं यह कर सकता हूं। मेरे कोच ने मुझे बहुत प्रेरित किया और मुझे विश्वास दिलाया कि मैं तीरंदाजी कर सकता हूं। आज मैंने अपने देश को तीन पदक दिलाए और मुझे बहुत अच्छा लग रहा है।÷ खुश,÷ शीतल ने कहा।

एशियाई पैरा खेलों में, शीतल ने कुल तीन पदक जीते, जिसमें एक महिला टीम रजत, एक मिश्रित टीम स्वर्ण और महिला एकल कंपाउंड ओपन स्पर्धा में स्वर्ण शामिल था।

महिला एकल स्पर्धा में शीतल देवी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिंगापुर की अलीम नूर सियाहिदाह को हराया।

यह एक करीबी मुकाबला था क्योंकि अलीम नूर ने अपनी सटीकता से पहले तीन सेटों में एक अंक की बढ़त ले ली। पहले तीन सेटों की समाप्ति के बाद अंतिम दो सेट शेष रहते हुए उसने तीन अंकों की बढ़त बना ली।

शीतल ने गेम जीतने के लिए बैक-टू-बैक परफेक्ट स्कोर बनाए, लेकिन अलीम नूर कुछ शॉट्स में निशान से चूक गए। अंत में, वह 144-142 के कुल स्कोर के साथ विजयी हुई।

भारत ने अपने पैरा एशियाई खेलों के अभियान को कुल 111 पदकों के साथ समाप्त किया, जिसमें 29 स्वर्ण, 31 रजत और 51 कांस्य शामिल हैं।

भारत एथलेटिक्स में 18 स्वर्ण, 17 रजत और 20 कांस्य के साथ 55 पदक जीतकर पदक तालिका में पांचवें स्थान पर रहा।

# भारत कोरिया के खिलाफ सेमी फाइनल मुकाबले के लिए तैयार

**रांची,03 नवम्बर 2023।** जैसे ही झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 अपने चरम पर पहुंच रही है, भारतीय महिला टीम शनिवार को बहुप्रतीक्षित सेमीफाइनल मुकाबले में कोरिया से भिड़ने के लिए तैयार है।

पूरे टूर्नामेंट में अजेय रिकॉर्ड के साथ, भारत के अविश्वसनीय प्रदर्शन ने उन्हें पांच पूल चरण मुकाबलों में 15 अंक हासिल करके अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया है।

मैच से पहले भारतीय महिला टीम आत्मविश्वास से भरी होगी, जिसने पहले अपने आखिरी पूल चरण मुकाबले में कोरिया को 5-0 से हराया था। मेजबान टीम निश्चित रूप से मनोवैज्ञानिक लाभ हासिल करेगी और टूर्नामेंट में अपना दबदबा जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

महत्वपूर्ण मैच से पहले, भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच जेनेके शोपमैन ने अपने विचार साझा किए, ÷हमारी टीम ने इस प्रतियोगिता में उल्लेखनीय लचीलापन और एकता का प्रदर्शन किया है। पूल चरण में कोरिया के खिलाफ जीत शानदार से कम नहीं थी, लेकिन, हम सेमी जानते हैं - फाइनल पूरी तरह से एक अलग चुनौती होगी क्योंकि नॉकआउट गेम में हमेशा अतिरिक्त दबाव होता है। हालांकि, हमारे खिलाड़ी मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार हैं, और वे अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए उत्सुक हैं,उन्होंने कहा।

इस बीच, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने टूर्नामेंट में टीम की अब तक की यात्रा पर विचार करते हुए कहा,



÷हम सेमीफाइनल में जगह बनाकर रोमांचित हैं और अपने प्रशंसकों के समर्थन के लिए वास्तव में आभारी हैं। हमारा लक्ष्य इसे दोहराना है।÷ कोरिया के खिलाफ हमारी पिछली सफलता और फाइनल में जगह पक्की करना। हमारा ध्यान ऐसा प्रदर्शन देने पर है जो इस टीम के समर्पण और कड़ी मेहनत को दर्शाता हो।

विरोधी पक्ष में, कोरिया अपने पांच पूल चरण खेलों से सात अंक अर्जित करके अंक तालिका में चौथे स्थान पर रहा। टूर्नामेंट में उनकी यात्रा ने उन्हें दो जीत हासिल करते हुए, दो हार सहते हुए और एक ड्रॉ में लूट साझा करते हुए देखा है।

आमने-सामने के रिकॉर्ड की बात करें तो भारत और कोरिया ने अब तक एक-दूसरे के खिलाफ 21 मैच खेले हैं। कोरिया ने 12 जीत के साथ बढ़त बनाए रखी है, जबकि भारत 6 मैचों में विजयी रहा है, जबकि तीन मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। यह दिलचस्प प्रतिद्वंद्विता एक मनोरम सेमीफ़ाइनल मुकाबले के लिए मंच तैयार करती है।

फ़ाइनल में जगह दांव पर होने के साथ, भारत और कोरिया के बीच मुकाबला कौशल, दृढ़ संकल्प और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन होने का वादा करता है। जैसा कि ये दोनों टीमें आपस में लड़ने की तैयारी कर रही हैं, प्रशंसक उत्सुकता से एक रोमांचक मैच का इंतजार कर रहे हैं जो झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 की नियति को आकार दे सकता है।

भारत टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में 4 नवंबर को 20:30 बजे आईएसटी पर कोरिया से भिड़ेगा। मैचों का प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स टेन 5 के साथ-साथ सोनी लाईव पर लाइव-स्ट्रीम किया जाएगा।

# रोड्रिगो ने कहा मैं नवीनीकरण से खुश हूँ

**मैड्रिड,03 नवम्बर 2023।** ब्राजील के स्टार खिलाड़ी रोड्रिगो ने रियल मैड्रिड के साथ अपना अनुबंध 2028 तक बढ़ाने के बाद, 22 वर्षीय युवा खिलाड़ी ने कहा कि वह हमेशा लॉस मेरेंग्यूज़ के लिए खेलने और सफेद शर्ट पहनने का सपना देखते थे। रोड्रिगो ने कहा कि वह नवीनीकरण से बहुत खुश हैं और उन्होंने कहा कि यह कैसा है यह जानने के लिए किसी को भी इसे जीना होगा।



मैंने हमेशा यहां खेलने का सपना देखा है और, जब आप अंदर आते हैं और इस शर्ट को पहनना शुरू करते हैं, तो आप वास्तव में इसकी महानता देखते हैं। आप कह सकते हैं कि रियल मैड्रिड मेरा जीवन है। मैं नवीनीकरण से बहुत खुश हूं। मैं चाहूंगा कि हर कोई ऐसा करे। ऐसा दिन क्योंकि यह बहुत खास है। आपको यह जानने के लिए इसे जीना होगा कि यह कैसा है, उन्होंने कहा।

विनीसियस जूनियर के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि वे रियल मैड्रिड में लगभग उसी समय आए थे जब दोनों ब्राजील से बहुत छोटे थे।

रोड्रिगो ने कहा कि विनीसियस मेरे लिए एक भाई की तरह है और हमें उम्मीद है कि हम साथ मिलकर आगे बढ़ते रहेंगे।

# शाहिद अफरीदी होंगे पीसीबी के नए चेयरमैन ?

## पाकिस्तान के कार्यवाहक पीएम से की मुलाकात

**करांची,03 नवम्बर 2023।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड में हो सकता है कि एक बार फिर बदलाव होंगे। दरअसल, पाकिस्तान क्रिकेट का वर्ल्ड कप में बेहद ही खराब प्रदर्शन रहा है। जिस कारण पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन जका अशरफ आलोचकों के निशाने पर हैं । इस बीच पूर्व पाकिस्तान कप्तान शाहिद अफरीदी ने पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर अल हक से मुलाकात की है। अनवर ने अफरीदी को देश के खेल के मामलों में शामिल सक्रिय रूप से शामिल होने का अनुरोध किया है। ये घटनाक्रम तब सामने



आया है जब 5 नवंबर को जका अशरफ का कार्यकाल खत्म हो रहा है।

पाकिस्तान क्रिकेट के लिए पिछले कुछ महीने बेहद उतार-चढ़ाव वाले रहे हैं। जका समेत इस साल तीन लोग पीसीबी की अध्यक्षता कर चुके हैं। जका के कार्यकाल की समाप्ति के बाद चौथा चेयरमैन नियुक्त होगा, जो पाकिस्तान के अगले चुनाव और नए पीएम द्वारा नया चेहरा नॉमिनेट करने तक पद पर रहेगा।

इसके अलावा क्रिकेट पाकिस्तान की रिपोर्ट के अनुसार, कार्यवाहक प्रभानमंत्री अनवर अल हक ने गुरुवार को शाहिद अफरीदी से मुलाकात की है। इन दोनों ने क्रिकेट के कई पहलुओं पर चर्चा की है। ये मुलाकात ऐसे समय में हुई है, जब पाकिस्तानी टीम लगातार चार मैच हारकर वर्ल्ड कप सेमीफाइनल से बाहर होने की दौड़ में है।

वहीं कहा जा रहा है कि, पाक पीएम और अफरीदी की मुलाकात से जका की मुसीबतें बढ़ सकती हैं। वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल से बाहर होने की कगार पर खड़ी पाकिस्तानी टीम को लेकर पीसीबी ने एक बयान जारी कर टीम को मुश्किल में डाल दिया है। जिसमें कहा गया कि कप्तान और मुख्य चयनकर्ता इंजमाम उल हक को टीम चयन में पूरा अधिकार था। बता दें कि, हाल ही में ही इंजमाम ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

# चियान विक्रम की फिल्म थंगालान का टीजर रिलीज


चियान विक्रम की फिल्म थंगालान का टीजर रिलीज हो गया है. फिल्म के टीजर में विक्रम का खूंखार अवतार देखने को मिला है जो अपने हाथों से ही जहरीले किंग कोबरा के दो टुकड़े करते दिख रहे हैं. तलवार के साथ एक्टर का एक्शन मोड भी नजर आ रहा है. बता दें कि फिल्म थंगालान अगले साल 26 जनवरी 2024 को थिएटर्स में रिलीज की जाएगी. पोन्नियिन सेलवन 2 के बाद अब चियान विक्रम थंगालान में नजर आने वाले हैं. पा रंजीत के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में विक्रम एकदम हटके वाले अवतार में दिखाई देने वाले हैं. फिल्म के टीजर से उनका अवतार रिवील हो गया है और अब फैंस को फिल्म का बेसब्री से इंतजार है.




हालांकि अभी एक्साइटमेंट बढ़ाने के लिए ट्रेलर का आना बाकी है.चियान विक्रम ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने थंगालान का टीजर शेयर किया है. इसके साथ कैप्शन में उन्होंने लिखा- सोने का बेटा रोंगटे खड़े कर देने वाले थंगालान टीजर को रिलीज करते हुए उभर रहा है. वहीं इससे पहेल एक्टर ने फिल्म का पोस्टर भी पोस्ट किया था. इसके साथ उन्होंने लिखा था- बीते युग की एक ज्वलंत कहानी जो बताए जाने और संजोए जाने के इंतजार में है. थंगालान का टीजर 1 नवंबर को रिलीज होगा. थंगालान 26 जनवरी, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में आ रही है.

थंगालन की स्टोरी के बारे में बात करें तो यह भारत में ब्रिटिश शासन के दौरान कोलार गोल्ड फील्ड्स की एक सच्ची कहानी पर बेस्ड फिल्म है. फिल्म में विक्रम के साथ पार्वती और मालविका मोहनन भी लीड एक्ट्रेस के रोल में दिखाई देंगी. इसके अलावा पशुपति, डैनियल कैल्टागिरोन और हरिकृष्णन अंबुदुरई भी थंगालन का हिस्सा हैं.

# रवि तेजा की उपस्थिति मुझे डराती थीः गायत्री भारद्वाज



रवि तेजा हाल ही में पैन-इंडिया फिल्म टाइगर नागेश्वर राव से अभिनेत्री गायत्री भारद्वाज ने अपना तेलुगु डेब्यू किया । जहां फिल्म को हर तरफ से अच्छी समीक्षा मिल रही है, वहीं ऑडियंस , इंडस्ट्री और क्रिटिक गायत्री के अभिनय और गांव की लड़की के लुक की प्रशंसा करने से नहीं रुक रहे हैं। जैसा कि वह खुद को मिल रहे प्यार से गदगद है, अभिनेत्री अपने सुपरस्टार सह-कलाकार के बारे में तारीफें करती नहीं थक रही हैं।

रवि तेजा के साथ पहली बार काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए, गायत्री कहती हैं, अपने करियर में पहली बार, मैं किसी सुपरस्टार के साथ काम कर रही थी। यहां दक्षिण में उनका दबदबा कुछ अलग ही है। वह जब चलते हैं तो अपने साथ एक स्टारडम लेकर चलते हैं। जब भी वह सेट पर होते हैं तो वह अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं।

अभिनेत्री आगे कहती हैं कि सेट पर उनका दिन कैसा बीतता था,हमारी दिनचर्या यह थी कि वह अंदर आते थे और मेरे पास खड़े हो जाते थे और मुझे अपने डायलॉग बोलने पड़ते थे। उनकी उपस्थिति मुझे डराती थी क्योंकि वह एक लार्जर दैन लाइफ अभिनेता हैं। उनके साथ अभिनय करना मेरे लिए बेहद कठिन था। लेकिन उनकी स्वीकृति मेरे लिए बहुत मायने रखती है। पूर्व मिस इंडिया, गायत्री ने संगीत वीडियो के साथ शोबिज में कदम रखा। वह कॉल और पटोला जैसे गानों में नजर आई।

# छत्तीसगढ़ में भाजपा ने की घोषणा-पत्र जारी

» धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल

» महिलाओं को हर साल 12,000 और भी बहुत कुछ

» मोदी की गारंटी: 3100 रुपए में 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदेगी भाजपा

» सबका साथ,सबका विकास, सबका विश्वास,भाजपा ने बनाया भाजपा ही संवारेगी

**रायपुर,03 नवम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में अमित शाह ने बीजेपी की घोषणा पत्र जारी कर दी है, जिसमें सभी वर्गो को साधने की कोशिश की गई है। घोषणा पत्र का नाम मोदी की गारंटी दिया गया है। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा ने बनाया, भाजपा ही संवारेगी टैग लाइन के साथ घोषणा पत्र जारी किया।

इस दौरान भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, चुनाव सह प्रभारी मानसुख मांडविया, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल समेत कई प्रत्याशी और नेता मौजूद रहे।

छत्तीसगढ़ में 7 नवंबर को पहले चरण के लिए 20 सीटों पर मतदान होंगे। जबकि दूसरे चरण के लिए 70 सीटों पर वोटिंग होगी। दोनों चरणों के परिणाम 3 दिसंबर को आएंगे।

एक मुश्त करेंगे भुगतान 12000 सालाना हर विवाहित महिला को दिया जाएगा।

### अमित शाह ने की बड़ी घोषणा, सरकार बनने पर रामलला के दर्शन की व्यवस्था करेगी भाजपा

छत्तीसगढ़ भाजपा ने आगामी चुनाव हेतु छत्तीसगढ़ की जनता से लाखों की संख्या में सुझाव लेकर अपने संकल्प पत्र की घोषणा कर दी है। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ का भगवान राम से गहरा नाता है। अगर भाजपा की सरकार बनती है तो छत्तीसगढ़ वासियों के लिए रामलला के दर्शन की व्यवस्था भाजपा सरकार कराएगी।

अमित शाह ने कहा कि भाजपा ने लाखों लोगों से चर्चा करके एक घोषणा पत्र मोदी की गारंटी तैयार किया है। इसमें हमने तय किया है कि हम कृषि उन्नति योजना की शुरुआत करेंगे जिसके अंतर्गत 21 क्विंटल/एकड़ धान




3,100 रुपये के मूल्य पर हम खरीदेंगे। इसका एक मुश्त भुगतान किसानों को किया जाएगा।

पंडरिया में सभा को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भूपेश की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है. भाजपा की सरकार बनते ही कांग्रेस सरकार ने जो छत्तीसगढ़ की गरीब जनता का पाई-पाई खाया है। उसका हिसाब देना होगा।

जांच आयोग बनाकर कानूनी तरीके से जेल की सलाखों के पीछे डालने का काम करेंगे।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कवर्धा जिले के पंडरिया में चुनावी सभा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर तीखा हमला किया।

अमित शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ का खजाना पर छत्तीसगढ़ दलित, आदिवासी और पिछड़ों का है. मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के खजाने को एटीएम बनाकर दिल्ली में भाई-बहन के चरणों में चढ़ाने का काम कर रहे हैं. जो व्यक्ति अपने प्रदेश की गरीब जनता का विकास करने की बजाए अपना राजनीति विकास करना चाहता हो, वह छत्तीसगढ़ का कभी भला नहीं कर सकता।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भूपेश बघेल कांग्रेस का बनाया हुआ प्री-पेड बनाया हुआ सीएम है. अगर गलती से भी भूपेश बघेल मुख्यमंत्री बन गए तो कांग्रेस इस प्री-पेड कार्ड को रोज स्वैप कर रोज हजारों-करोड़ रुपए ले जाएगी. अगर छत्तीसगढ़ का सारा पैसा दिल्ली चला गया तो क्या छत्तीसगढ़ का विकास हो सकता है क्या।

### बीजेपी के घोषणा पत्र को सीएम भूपेश बघेल ने बताया जुमला पत्र

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने आज अपना घोषणा पत्र जारी किया है। इस घोषणा पत्र कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल हुए है। भाजपा ने बनाया, भाजपा ही सवारेगी इस टैग लाइन के साथ बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र का नाम 'मोदी की गारंटी' दिया है। इस घोषणा पत्र में किसानों, युवाओं और महिलाओं से जुड़े बड़े ऐलान किए गए हैं। किसानों, धान का और युवाओं को फोकस किया है। साथ ही इस घोषणा पत्र में एक लाख सरकारी नौकरी देने का भी वादा किया है। 5500 रुपए मानक बोरा की दर से तेंदुपत्ता खरीदी का वादा किया है। साथ ही 4500 रुपए तक बोनस का भी वादा किया है। तो प्रदेश में 500 रुपए सिलेंडर देने का भी बड़ा ऐलान किया है। बीजेपी के घोषणा पत्र के बाद सीएम भूपेश ने इस घोषणा पत्र को जुमला बताया है। सीएम भूपेश बघेल ने ट्वीट किया है कि ये तो सच में यही निकला




## पेड न्यूज के मामले में हुई बड़ी कार्रवाई

### छपे समाचार को एमसीएमसी ने माना पेड न्यू,कांग्रेस के विज्ञापन खर्च में जोड़ा

**बिलासपुर,03 नवम्बर 2023(ए)।** विधानसभा चुनाव के लिए गठित मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग सेल ने बेलतरा के कांग्रेस प्रत्याशी विजय केशरवानी के संबंध में प्रकाशित एक स्थानीय दैनिक में प्रकाशित समाचार को पेड न्यूज माना है। रिटर्निंग ऑफिसर ने केशरवानी को नोटिस भी जारी किया। साथ ही प्रकाशित समाचार को पेड न्यूज मानते हुए इसे विज्ञापन की श्रेणी के अंतर्गत प्रत्याशी के निर्वाचन खर्च में शामिल किया गया है। कुछ अन्य समाचारों को लेकर भी अन्य प्रत्याशियों को भी नोटिस जारी किया गया है। जवाब मिलने के बाद निर्णय लिया जाएगा कि उन्हें पेड न्यूज माना जाए या नहीं।

बिलासपुर जिला निर्वाचन कार्यालय में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बिलासपुर के न्यू कंपोजिट बिल्डिंग में मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी की स्थापना की गई है, जो संचार के विभिन्न माध्यमों यथा समाचार पत्र, रेडियो, टेलीविजन एवं सोशल मीडिया पर चुनाव के दौरान किये जाने वाले प्रचार की निगरानी का कार्य कर रही है।

## प्रियंका 6 को तो राहुल गांधी 8 को आएंगे छत्तीसगढ़



**रायपुर,03 नवम्बर 2023 (ए)।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी और राहुल गांधी छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार प्रियंका गांधी 6 को और राहुल गांधी 8 नवंबर को प्रदेश का दौरा करेंगे। वहीं आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे अभनपुर में एक आमसभा को संबोधित करेंगें।

केंद्रीय नेताओं के दौरे पर कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय नेताओं ने झूठ बोलने और कांग्रेस को कोसने के अलावा कुछ नहीं किया. चुनाव में जनता दो चीजें देखती हैं. कांग्रेस के 5 साल बनाम मोदी सरकार के 10 साल और रमन सरकार के 15 साल. यह बेहद हास्यास्पद और दुर्भाग्यजनक है. केंद्रीय मंत्री केंद्र की 10 साल की उपलब्धियों को दिखाने का साहस नहीं कर पाते हैं।

## विमान कौन बुक कर रहा,जांच हो:सीएम भूपेश

**रायपुर,03 नवम्बर 2023 (ए)।** सीएम भूपेश बघेल ने ईसी से जांच की मांग की हैं। सीएम बघेल का कहना है कि उड़ीसा के राज्यपाल का विमान और हैलीकॉप्टर कौन बुक कर रहा है? इसकी जांच होनी चाहिए।

पड़ोसी राज्य झारखंड के मुख्यमंत्री रहे रघुवर दास दरअसल छत्तीसगढ़ के मूल निवासी हैं और साहू समाज से आते हैं। वे वर्तमान में ओड़िशा के राज्यपाल हैं। पर भाजपा ने उन्हें साहू समाज को रिझाने में लगा दिया है। राजभवन ने कार्यक्रम भी जारी किया है।

विनोद वर्मा का ट्वीट संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कैसे करना है यह कोई भाजपा से सीखे. छत्तीसगढ़ में आदर्श आचार संहिता लागू है। भाजपा को चुनाव का सिरा समझ में आ नहीं रहा है तो राज्यपाल को ही चुनाव प्रचार में लगा दिया।

राज्यपाल रघुलर प्रसाद बाक़ायदा घूम-घूमकर नागरिक अभिनंदन करवा रहे हैं। शहर-शहर जाकर बैठकें ले रहे हैं। बैठकों में चुनावी चर्चा भी हो रही है.निर्वाचन आयोग को इसका संज्ञान लेना चाहिए। कांग्रेस पार्टी ने इसकी शिकायत भी कर दी है।

### रघुवर दास को भाजपा ने साहू समाज को रिझाने में लगा दिया



### मोदी राज में महंगाई उफान पर :सीएम भूपेश बघेल

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चुनावी जनसभा में पीएम मोदी और अडानी को आड़े हाथों लेते हुए जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी साहब छत्तीसगढ़ आते है लेकिन उन्हें यहाँ विकास नहीं दिखाई देता है, हमने किसानों की आय बढ़ाई, महिलाओं को रोजगार, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया, गांवों को समृद्ध बनाया, भूमिहीनों को सालाना 7 हजार रुपये की आर्थिक मदद समेत बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई है। उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि हमने छत्तीसगढ़ में गरीब, मजदूर, किसान, युवा, महिला और आदिवासियों के जीवन में बदलाव लाने का काम किया है, हमने आम आदमी का विकास किया है लेकिन पीएम मोदी जी को गरीबों का विकास नहीं दिखता है उन्हें सिर्फ अडानी का विकास ही दिखाई देता है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी के अच्छे दिनों के वादे को याद करते हुए कहा कि महंगाई कम करने के वादे को लेकर सरकार में आई भाजपा सरकार में महंगाई उफान पर है। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर की कीमत में भारी बढ़ोत्तरी से रसोई का बजट गड़बड़ा गया है लेकिन मोदी सरकार महंगाई रोकने कोई कदम नहीं उठा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार की वापसी होने पर हम गैस सिलेंडर पर 500 रुपये की सब्सिडी देंगे।

### कांग्रेस सरकार आई तो 42 लाख लोगों को मिलेगी मुफ्त बिजली

विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हमने 200 यूनिट तक मुफ़्त बिजली देने का वादा किया, हमारी सरकार फिर से आई तो लगभग 42 लाख लोगों को मुफ़्त बिजली मिलेगी। मुख्यमंत्री की इस बात से सभा में उपस्थित लोगों ने तालियाँ बजाकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया।

### राम के नाम पर हम वोट नहीं मांगते

जनसभा में मुख्यमंत्री ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग का नारा है राम नाम जपना और पराया माल अपना, ये लोग भगवान राम के नाम पर वोट और नोट दोनों मांगते है लेकिन हम उनके नाम से वोट नहीं मांगते, राम हमारे आस्था का केंद्र है। हमारी सरकार ने भांचा राम के स्मृति चिन्हों को सहेजने के लिए श्रीराम वनगमन पर्यटन परिपथ के माध्यम से जहां-जहां उनके पग पड़े उन स्थानों का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कर रहे है।

## एक पार्टी से दो-दो प्रत्याशी का मामला

» रिटर्निंग ऑफिसर ने रद्द किया फॉर्म बी,मनीष त्रिपाठी ने अमित जोगी और सागर सिंह पर लगाया सांठगांठ का आरोप

**मुंगेली,03 नवम्बर 2023 (ए)।** लोरमी विधानसभा से जोगी कांग्रेस से दो-दो नामांकन का जो दिलचस्प मामला सामने आया था उस पर अब विराम लग जायेगा. लोरमी विधानसभा की रिटर्निंग ऑफिसर पार्वती पटेल ने मनीष त्रिपाठी का बी फॉर्म निरस्त कर दिया है. वहीं सागर सिंह का बी फॉर्म स्वीकार किया गया है. आरओ और लोरमी एसडीएम पार्वती पटेल ने बताया कि सागर सिंह के बी फॉर्म में पूर्व में जारी मनीष त्रिपाठी के बी फॉर्म को निरस्त किया जाता है का उल्लेख किया गया था. जिसके आधार पर मनीष त्रिपाठी का बी फॉर्म निरस्त किया गया है.




इधर मनीष त्रिपाठी ने जोगी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी और सागर सिंह पर सांठगांठ का गंभीर आरोप लगाया है. उनका कहना है कि जब जोगी कांग्रेस द्वारा निर्वाचन आयोग को शिकायत करते हुए मेरे बी फॉर्म को कूटरचित बताया गया है, तो फिर मेरे बी फॉर्म को उसी पार्टी द्वारा निरस्त करने क्यों लिखा गया है? वहीं अब मनीष त्रिपाठी का बी फॉर्म निरस्त होने के बाद अब वे निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ सकेंगे।

## हमारे प्रत्याशियों को लगातार मिल रही धमकियां

» चुनाव आयोग से की कार्रवाई की मांग...

**रायपुर,03नवम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में चुनावी हलचल के बीच राजनीतिक पार्टियों में आरोप-प्रत्यारोप का दौरा जारी है। इस बीच जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के अध्यक्ष अमित जोगी ने अपने प्रत्याशियों की सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने चुनाव आयोग से शिकायत की है कि उनके प्रत्याशियों को डराया-धमकाया जा रहा है। बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब अमित जोगी ने इस तरह का आरोप लगाया है। इससे पहले उन्होंने महासमुंद और सरायपाली के जोगी कांग्रेस के प्रत्याशियों को धमकाने का आरोप लगाया था।अब उन्होंने खल्लारी विधानसभा से जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी को धकाने का आरोप लगाकर चुनाव आयोग से कार्रवाई करने की मांग की है।



अमित जोगी ने ट्वीट कर कहा, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रत्याशियों को लगातार धमकियां मिल रही है। नाम वापस लेने सत्ताधारी दल के नेता हमारे प्रत्याशियों को डराने और धमकाने में लगे हैं। इसी संदर्भ में हमने फिर चुनाव आयोग को 41-खल्लारी विधानसभा से हमारे प्रत्याशी रेखाराम बाग को मिल रही धमकियों के विषय में अवगत कराया और तत्काल कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने कहा कि मुझे यह समझ में नहीं आ रहा है कि '75 पार' की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले आखिर हमें मिल रहे जनसमर्थन से इतना घबरा क्यों गए हैं? हम फिर चुनाव आयोग से निवेदन करते हैं कि वो छत्तीसगढ़ में निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव कराने की अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन तत्परता से करे और शिकायतों की जांच और कार्रवाई सुनिश्चित करे।



## नक्सलियों ने दो वाहनों को फूंका


**सुकमा,03 नवम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव 2023 के पहले चरण की वोटिंग 7 नवंबर को होगी। पहले चरण का मतदान नक्सल प्रभावित इलाके बस्तर संभाग के 12 सीटों पर होना है। अब चुनाव से पहले नक्सलियों ने दहशत फैलाने के मकसद से नक्सली लगातार बड़ी वारदात को अंजाम दे रहे है। इसी बीच देर रात साप्ताहिक बाजार कोंटा से ग्रामीणों को लेकर लौट रही 2 टाटा मैजिक वाहनों को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया। बता दें कि बस्तर के 12 विधानसभा सीटों में से सबसे ज्यादा नक्सल प्रभावित इलाका कोंटा विधानसभा है।नक्सलियों की ओर से लगातार चुनाव का बहिष्कार अलग-अलग तरीके से किया जा रहा है। अब देखना होगा कि 7 तरिख को मतदान कितने शांत तरीके से करने में निर्वाचन आयोग सफल होगा।

## प्रमोशन में आरक्षण पर सुनवाई हुई पूरी

» हाईकोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

**बिलासपुर,03 नवम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में प्रमोशन पर आरक्षण के खिलाफ लगाई गई जनहित याचिका पर सुनवाई पूरी हो गई है। कोर्ट ने अब इस मामले अपना फैसला सुरक्षित रखा है।

राज्य सरकार ने 22 अक्टूबर 2019 को एक आदेश जारी कर पदोन्नति में आरक्षण की अधिसूचना जारी की थी। इसके तहत प्रथम वर्ग से लेकर चतुर्थ श्रेणी तक के कर्मचारियों को अलग-अलग मापदंडों के आधार पर पदोन्नति में आरक्षण दिया जाना था। मगर हाईकोर्ट में इस अधिसूचना के खिलाफ रायपुर के एम. संतोष कुमार ने जनहित याचिका दायर कर दी। याचिका में कहा गया है कि उक्त अधिसूचना सुप्रीम कोर्ट के आदेश व आरक्षण के नियमों के विरुद्ध है। प्रारंभिक सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने अधिसूचना पर स्थगन दे दिया था। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस एन के चंद्रवंशी की डिवीजन बेंच ने मामले की सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखा है।



## चुनाव आयोग ने छत्तीसगढ़ के लिए नियुक्त किए तीन विशेष प्रेक्षक

### आचार संहिता उल्लंघन की लगातार मिल रही शिकायत

**रायपुर,03नवम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में आचार संहिता उल्लंघन की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए आयोग ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ के लिए तीन विशेष प्रेक्षक नियुक्त किए हैं।भारत निर्वाचन आयोग ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1988 बैच के बिहार कैडर के सेवानिवृत्त अधिकारी धर्मेन्द्र एस. गंगवार को विशेष सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया है। आयोग ने भारतीय पुलिस सेवा के 1984 बैच के पंजाब कैडर के सेवानिवृत्त अधिकारी अनिल कुमार शर्मा को विशेष पुलिस प्रेक्षक भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) के 1987 बैच के सेवानिवृत अधिकारी राजेश टूटेजा को विशेष व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में आचार संहिता उल्लंघन की लगातार शिकायत मिल रही है। कई विधानसभा में मतदाताओं को लुभाने के लिए साड़ी, कंबल, छाता और नगद रकम बरामद हो रही है। वाहनों की तलाशी में बड़ी मात्रा में नगदी रकम बरामद हो रही है। इसे देखते हुए चुनाव आयोग ने छत्तीसगढ़ के लिए नियुक्त किए तीन विशेष प्रेक्षक नियुक्त किए है ताकि आचार संहिता उल्लंघन को रोका जा सके।

## नक्सलियों ने दहशत फैलाने की कोशिश की

### लगाए बैनर,सड़क पर फेंके पर्चे, चुनाव बहिष्कार की दी चेतावनी

**कोंडागांव,03नवम्बर 2023 (ए)।** बस्तर डिविजनल कमेटी की ओर से गुरुवार-शुक्रवार की मध्यरात कुंएमारी तिराहे और ग्राम रांधा में बैनर लगाया है. साथ ही रास्ते भर में बड़ी मात्रा में अलग-अलग प्रकार के पर्चे भी फेंके हैं. इस बैनर में नक्सलियों ने आम जनता से आगामी विधानसभा चुनाव और मतदान का विरोध करने की अपील की है।बस्तर के केशकाल विधानसभा में आगामी 7 नवम्बर को मतदान होना है.



ऐसे में मतदान तिथि से ठीक पहले बस्तर डिविजनल कमेटी के नक्सलियों ने केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत दो स्थानों पर बैनर पोस्टर लगाए कर एक बार फिर अपनी मौजूदगी दर्ज करवाई है।

इतना ही नहीं माओवादियों ने आगामी विधानसभा चुनाव का बहिष्कार किया है। ग्रामीणों को लेकर लौट रही 2 वाहनों को किया आग के हवाले, मतदान को प्रभावित करने लगातार घटनाओं को अंजाम दे रहे है।

इधर मामले की सूचना मिलते ही केशकाल थाना प्रभारी आनंद सोनी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे. फिलहाल पुलिस की ओर से दोनों ही स्थानों से बैनर और पर्चे जब्त कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में मतदान होना है. पहले फेज में 7 नवंबर को 20 सीटों पर वोटिंग होगी। बाकी सीटों पर 17 नवंबर को मतदान होगा. वहीं चुनाव का परिणाम 3 दिसंबर को आएगा।

## ईडी ने की आरक्षक पर कार्रवाई,लिया रिमांड में



**रायपुर,03नवम्बर 2023 (ए)।** महादेव आनलाइन सट्टा एप मामले में ईडी ने भिलाई से पुलिस आरक्षक भीम यादव को रिमांड पर लिया है। ईडी ने उसे आज ही गिरफ्तार किया था। इस मामले में उसका नाम चार्जशीट में शामिल हैं। भीम यादव समेत दुबई में हुई सक्सेस पार्टी में भी शामिल हुआ था। ईडी ने उसे विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में पेशकर 7 दिन का रिमांड पर लिया है । इस मामले में भीम, पुलिस का दूसरा कर्मचारी है। इससे पहले एएसआई चंद्रभूषण वर्मा न्यायिक रिमांड पर जेल में निरूध्द है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)